www.navpradesh.com
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 18 नवंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 246 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

विधानसभा प्रतिशत

5 बजे तक

अभनपुर	60.13
अहिरवारा	67.77
अकलतरा	67.97
अंबिकापुर	65.05
आरंग	68.60
बैकुण्ठपुर	73.56
बलौदा बाज़ार	72
बसना	70.30
बेलतरा	59.08
बेमेतरा	73.44
भरतपुर सोनहट	67.94
भटपारा	74.27
भटगाँव	67.50
भिलाई नगर	63.54
बिलाईगढ़	69.18
बिलासपुर	56.28
बिल्हा	66.39
बिंद्रा नवागढ़	71.02
चन्द्रपुर	62.50
धमतरी	78.80
धर्मजैगढ़	72.36
धरसिवा	71.86
डोंडी लोहारा	75.01
दुर्ग शहर	62.80
दुर्ग ग्रामीण	69
गुंडेर्देही	78.27
जैजैपुर	60.70
जंजगिर चाँपा	68.73
जशपुर	70.47
कसडोल	67.19
कटघोरा	71.63
खल्लारी	70.69
खरसिया	74.43
कोरबा	65.83
कोटा	65.69
कुनकुरी	72.66
कुरुद	82.60
लैलूँ गा	76.42
लोरमी	64.48
लूँड़ा	70.50
महासमुंद	68.16
मनेंद्रगढ़	69.90
मरवाही	71.20
मस्तूरी	59.50
मूँगेली	65.89
नवागढ़	72.73
पाली तनखा़र	79.35
पामगढ़	60.20
पाटन	75.54
पथलगाँव	71.25
प्रतापपुर	63.46

■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

आईसीसी विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को पराजित कर आठवी बार फाइनल में प्रवेश किया है। जबकी भारत चौथी बार फाइनल में पहुंचा है। अब फाइनल मैच में दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि फाइनल तो टीम इंडिया जीतेगी और तीसरी बार विश्वकप पर कब्जा करने में कामयाब होगी। बेसक आस्ट्रेलिया एक मजबूत टीम है और वह पांच बार विश्पकप जीत चुकी है। किन्तु इस समय टीम इंडिया के बब्बर शेरों के सामने कंगारूओं का टिक पाना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन हैं।

ऐसे जीता लोकतंत्र...

958 प्रत्याशी मैदान में

चुनाव में 958 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें 827 पुरुष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग का प्रत्याशी है। भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवार सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी आप के 45, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जकांछ के 60, बहुजन समाज पार्टी बसपा के 44, गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के 311 और 358 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

दूसरे चरण में 5 बजे तक 67.48 प्रतिशत वोटिंग 958 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पांचवें विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण में प्रदेश की शेष 70 सीटों के लिए मतदान शाम पांच बजे तक खत्म हो गया है। इसी के साथ ही 958 प्रत्याशियों की किस्मत अब ईवीएम में कैद हो गई है। पांच बजे तक छत्तीसगढ़ में 67.48 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे कम मतदान 58.83 प्रतिशत रायपुर में हुआ है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, शाम पांच बजे तक सबसे अधिक मतदान धमतरी में हुआ, यहां 79.89 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। मतदान खत्म होने के बाद नक्सल प्रभावित गरियाबंद की बिंद्रानवागढ़ में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इसकी चपेट में आकर आईटीपी का एक जवान शहीद हो गया।

ऊंट पर सवार होकर पहुंचा वोट डालने

रायपुर उत्तर विधानसभा में एक मतदाता अनोखे अंदाज में मतदान करने मतदान केंद्र पहुंचा। मतदाता ऊंट पर सवार होकर मतदान करने पहुंचा। उसके साथ उसकी पत्नी भी मौजूद थी। इससे पहले पिछले विधानसभा चुनाव में यह मतदाता घोड़ी पर सवार होकर पोलिंग बूथ पहुंचा था। बतादें कि यह मतदाता हर बार मतदान जागरूकता के लिये नई-नई पहल करते हैं।

भाजपा प्रत्याशी को मतदान केंद्र में जाने से रोका

गरियाबंद में पीठासीन अधिकारी ने भाजपा प्रत्याशी गोवर्धन मांझी को मतदान केंद्र के बाहर रोक दिया। अधिकारी ने भाजपा प्रत्याशी से वोटर कार्ड की मांग की। लेकिन वोटर कार्ड की जगह दूसरा परिचय पत्र दिखाने के बाद ही भाजपा प्रत्याशी को मतदान केंद्र के अंदर जाने दिया।

खरसिया में कांग्रेस-बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट

खरसिया के कुरमा पाली के मतदान केंद्र क्रमांक-221 में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हुई है। कांग्रेस का आरोप

है कि कांग्रेसी मतदान केंद्र के बाहर अपने कार्यकर्ताओं को खाना बांट रहे थे, तब बीजेपी वालों ने खाना-पीना देने को मना किया और थप्पड़ मारने लगे। कोतरा रोड थाना के टीआई के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ।

नक्सलियों ने किया आइईडी विस्फोट एक जवान शहीद

गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र बड़े गोबरा के जंगलों में नक्सलियों ने आइईडी विस्फोट किया है। गरियाबंद में नक्सलियों द्वारा किए गए आइईडी ब्लास्ट में आईटीबीपी का एक जवान शहीद हुआ। वहीं बड़े गोबरा के मतदान दल सुरक्षित है। मतदान पूरा होने के बाद वापस लौट रहे दल इसके चपेट में आ गया है। घायलों को मैनपुर के अस्पताल में लाया जा गया।

शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान : रीना बाबा साहब

छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहब कंगाले ने चुनाव संपन्न होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। इस दौरान उन्होंने मतदान संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के लिए शाम 5 बजे तक 68.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले पहले चरण में डेढ़ प्रतिशत की बढ़त हुई है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस बार दूरस्थ और कम से कम मतदाताओं वाले क्षेत्रों में भी मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। मतदान के दौरान 1962 सेक्टर अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारीपूर्ण निभाई। 18833 मतदान केंद्रों में से 9 हजार से ज़्यादा मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की गई थी। वहीं मतदान के दौरान मशीन एक से दो प्रतिशत खराबी हुई है। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग पार्टी के वापस लौटते समय हेड कांस्टेबल योगेंद्र सिंह आईईडी ब्लास्ट में शहीद हो गए। इसके अलावा सभी पोलिंग पार्टियां सुरक्षित वापस लौट चुकी हैं।

30 तक एक्जिट पोल पर रहेगा प्रतिबंध

छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा आज इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत 7 नवम्बर को सवेरे सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि को एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन पांच राज्यों में साधारण निर्वाचन एवं उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

सबसे कम मतदान वाला जिला रायपुर

रायपुर जिला प्रदेश का सबसे कम वोटिंग वाला जिला बना है। जिले की सातों सीट पर 5 बजे तक 58.83 प्रतिशत वोटिंग हुई है। धरसींवा सीट पर सबसे ज्यादा और रायपुर ग्रामीण पर सबसे कम मतदान हुआ है। रायपुर के अंतर्गत 7 विधानसभा आते हैं। इनमें धरसींवा में सबसे अधिक 71.86 प्रतिशत वोटिंग हुई। जबकि रायपुर ग्रामीण में सबसे कम 53.80 प्रतिशत, आरंग में 68.60 प्रतिशत, अभनपुर में 60.13 प्रतिशत, रायपुर पश्चिम में 54.58, रायपुर उत्तर में 54.50 और रायपुर दक्षिण विधानसभा में 52.11 प्रतिशत वोटिंग हुई।

एमपी की 230 सीटों पर 71.53 प्रतिशत वोटिंग

मध्यप्रदेश में सभी 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे 2533 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। शुक्रवार को सुबह 7 बजे शुरू हुई वोटिंग शाम 6 बजे थम गई। हालांकि शाम 6 बजे के पहले मतदान केंद्र में एंट्री ले चुके वोटर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे थे। प्रदेश में शाम 5 बजे तक 71.53 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे अधिक 82 प्रतिशत वोट आगर मालवा जिले में डाले गए हैं। सबसे कम भिंड जिले में 58.41 प्रतिशत वोट पड़े। रतलाम जिले की सैलाना सीट पर सबसे ज्यादा 85.49 प्रतिशत वोटिंग हुई।

मतदान के दिन घटी छोटी-बड़ी घटनाएं

- बिलासपुर के बिल्हा में 15 साल से टूटी सड़क को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण। मतदान का बहिष्कार। समझाने पहुंचे अफ सरों से झड़प हुई।
- कोरबा के रामपुर अंतर्गत बरपाली गांव में सतनामी समाज के लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर घर लौट गए। बताया गया कि समाज के लोग वोट डालने के लिए मतदान केंद्र गए हुए थे। आरोप है कि पर्ची खोजने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता ने जाति सूचक टिप्पणी की।
- मुंगेली के लोरमी में बूथ नंबर 92 पर भाजपा और जोगी कांग्रेस नेताओं में विवाद हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जेसीसीजे नेताओं ने उन्हें गाली दी और मारने के लिए दौड़ाया।
- महासमुंद के बसना में सीतापुर में ग्रामीणों ने रोड नहीं, तो वोट नहीं का बैनर लगाकर चुनाव का बहिष्कार किया। यहां 744 मतदाता हैं, लेकिन सुबह से बूथ पर सन्नाटा पसरा रहा।
- सूरजपुर के प्रतापपुर में पोलिंग बूथ 193 में ईवीएम का बटन टूटा। 45 मिनट से वोटिंग बंद।
- बिलासपुर के पीजीबीटी कालेज स्थित मतदान केंद्र मे 1.30 घंटे से ईवीएम बंद।
- रायगढ़ के वार्ड एक में भी एक घंटे से मतदान रुका। मतदान बंद होने से लौट गए लोग।
- मस्तूरी विधानसभा के मानिकपुर, धुमा, पंचयात के मतदान क्रमांक 143,44 और 146 में मतदान का विरोध हो रहा है। लोग सड़क, नाली, पानी जैसी समस्या को लेकर विरोध कर रहे हैं।
- लोरमी के बूथ क्रमांक 40, 41 में ईवीएम खराब हुई। एक घंटे से मतदान प्रभावित। बिना मतदान के लौट रहे वोटर।
- सूरजपुर में खराब सड़कों और गंदगी से परेशान भटगांव के शिवनंदनपुर में वार्डवासियों ने चुनाव बहिष्कार किया।
- रायपुर अश्विनी नगर बिंदा बाई सोनकर स्कूल के बाहर बृजमोहन अग्रवाल के भाई चुनाव प्रचार कर रहे थे। कांग्रेस नेता गजराज पगारिया पहुंचे। विवाद की स्थिति होने पर पुलिस ने दोनों गुटों को बूथ से दूर किया।
- रायपुर दक्षिण के खो-खो पारा स्कूल में पहुंची पुलिस। भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता वोटर को प्रभावित करने की शिकायत। कार्यकर्ताओं को मतदान केंद्र से दूर खदेड़ा गया।
- रायपुर उत्तर विधानसभा में ऑफिसर्स कॉलोनी में बने मतदान केंद्र पर 2 घंटे में सिर्फ 50 लोगों ने ही मतदान किया। यहां 890 मतदाता हैं।
- बिलासपुर के बेलतरा विधानसभा के सेमरताल बूथ पर ईवीएम खराब हुई। एक घंटे से मतदाता परेशान। कई बिना वोट दिए लौटे।
- धमतरी के जालमपुर मतदान केंद्र पर ईवीएम खराब होने के चलते वोटिंग शुरू नहीं हो सकी है। पोलिंग अफ सर ने नई मशीन मंगवाई है।
- मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र पाटन में मतदान की गति धीमी होने के कारण बूथों पर महिलाओं की लंबी कतारें देखी गई।

वोट डालने गई महिला की हार्ट अटैक से मौत

छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के मतदान के दौरान बलौदा बाजार के कसडोल विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान एक महिला को हार्ट अटैक आ गया। महिला वोट देने के लिए लाइन में खड़ी थी। इसी दौरान महिला मतदाता की मौत हो गई। मृतका का नाम सहौद्रा बताया गया। इसकी पुष्टि कसडोल निर्वाचन अधिकारी भूपेंद्र अग्रवाल ने की। वहीं पेंड्रा में वोट डालने पहुंची आदिवासी महिला बेहोश हो गई। महिला धनौली मतदान केंद्र क्रमांक 102 में वोट देने पहुंची थी। मतदान का कवरेज करने पहुंचे मीडिया कर्मियों ने बेहोश महिला को अस्पताल पहुंचाया।

■ न्यूज गैलरी

कुलगाम ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी

श्रीनगर(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवाद विरोधी अभियान शुक्रवार को दूसरे दिन में प्रवेश कर गया, आज सुबह आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच ताजा गोलीबारी हुई। मुठभेड़ गुरुवार दोपहर को तब शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद समनो, दमहाल हांजीपोरा इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया। अधिकारियों ने कहा, तलाशी अभियान के दौरान, जैसे ही संयुक्त तलाशी दल संदिग्ध स्थान की ओर पहुंचा, छिपे हुए आतंकवादी ने तलाशी दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया, जिससे मुठभेड़ हुई। संयुक्त बलों ने रात के दौरान क्षेत्र में कड़ी घेराबंदी बनाए रखी और दोनों पक्षों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान शुक्रवार सुबह शुरू हुआ और फिर से गोलीबारी हुई।

कार-टैंकर लॉरी की टक्कर में पांच की मौत

चेन्नई(वार्ता)। तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में धारापुरम के पास मनकादावु गांव में गुरुवार रात कार के टैंकर लॉरी से टकरा जाने से दो जोड़ों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने कहा कि पीड़ित डिंडुगुल जिले के पलानी में एक शादी समारोह में भाग लेने के बाद घर लौट रहे थे जब यह हादसा हुआ। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। जबकि दो दंपत्ति बालकृष्णन (65) और उनकी पत्नी सेल्वी (50) और तमिल मणि (50) और उनकी पत्नी चित्रा (45) सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुश्री कलारानी (55) की धारापुरम सरकारी अस्पताल में ले जाने के बाद मौत हो गई। तमिलनाडु के सीएम ने मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

वसुंधरा आज ब्यावर में लेंगी जनसभा

अजमेर(वार्ता)। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे अजमेर संभाग के नवगठित ब्यावर जिले में शनिवार को भाजपा प्रत्याशी शंकर सिंह रावत के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगी। भाजपा की स्टार प्रचारक श्रीमती राजे सिरोही, जालौर, बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना, जोधपुर ग्रामीण के झांवर के बाद सायं ब्यावर विधानसभा क्षेत्र पहुंचेगी जहां एक जनसभा को सम्बोधित करेंगी ।

दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाए केंद्र : कोर्ट

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दवाओं की ऑनलाइन बिक्री मामले में केंद्र सरकार को आठ सप्ताह में नीति बनाने के निर्देश दिए हैं. अदालत ने कहा कि बीते पांच साल से समय दिया जा रहा था. अब यह अंतिम मौका है। अदालत ऑनलाइन दवा बिक्री से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें डॉ. जहीर अहमद की 2018 में दाखिल जनहित याचिका भी शामिल थी. याचिका में दावा किया गया कि ई-फार्मेसी के जरिए दवाओं की बिक्री से अपने आप दवा करने की प्रवृत्ति, बिना प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री का खतरा बढ़ जाता है। पीठ ने कहा कि यदि दिए गए समय में नीति तैयार नहीं की जाती है, तो संयुक्त सचिव सुनवाई की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से पेश हों। अगली सुनवाई 4 मार्च, 2024 को होगी।

एलपीजी सिलेंडर में लगी आग

नई दिल्ली(ए.)। मुकुंदपुर इलाके में एलपीजी सिलेंडर में गैस डालने के दौरान अचानक जबरदस्त धमाका हो गया। आग की चपेट में दुकान मालिक और दो राहगीर घायल। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया फाइनल मैच देखने अहमदाबाद जाएंगे पीएम मोदी

■ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी न्योता

नई दिल्ली(ए)। 19 नवंबर यानी रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल मैच खेलने के लिए भारत तैयार है। मैच देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुजरात का दौरा करेंगे। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है।

खबरों के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और डिप्टी पीएम रिचर्ड मार्ल्स को इस मैच में शामिल होने का न्योता भेजा गया है। हालांकि, अभी तक उनकी तरफ से स्थिति साफ नहीं की गई है।

2003 का हिसाब बराबर करने उतरेगी टीम इंडिया

टीम इंडिया वर्ल्ड कप के इतिहास में तीसरी बार खिताब जीतने के लिए रविवार को उतरेगी। टीम इंडिया ने बुधवार को वर्ल्ड कप के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर फाइनल का टिकट कराया था। अब रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया साल 1983 वर्ल्ड कप और साल 2011 वर्ल्ड कप के इतिहास को दोहराने उतरेगी। 2003 वर्ल्ड कप के फाइनल में रिकी पोंटिंग के शानदार 140 रन ने टीम इंडिया को दूसरी बार खिताब जीतने से रोक दिया था। एक बार फिर फैंस की नजरें फाइनल में रोहित शर्मा और विराट कोहली से बेहतर प्रदर्शन करने की होगी।

फाइनल से पहले वायु सेना करेगी फ्लाईपास्ट

भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम 19 नवंबर को होने वाले विश्व कप के खिताबी मुकाबले से पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर फ्लाईपास्ट करेगी। अहमदाबाद में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और भारत की भिड़ंत होगी। वायु सेना अधिकारियों के अनुसार, फॉर्मूला वन कार रेसिंग जैसे प्रमुख खेल आयोजनों की तरह, अहमदाबाद में सूर्यकिरण टीम द्वारा फ्लाईपास्ट किया जाएगा। आपको बता दें कि न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर भारत आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में पहुंच गया है। वहीं, गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

गाजा में 75 सालों की सबसे बड़ी तबाही

यूएन से भी नहीं देखी जा रही बदहाली, नेतन्याहू ने मानी गलती

तेल अवीव। गाजा पट्टी पर इजरायल के ताबड़तोड़ हमले बीते सवा महीने से लगातार जारी हैं। इन हमलों में अब तक करीब 12 हजार लोग मारे जा चुके हैं और लाखों लोगों को पलायन भी करना पड़ा है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र रिफ्यूजी एजेंसी के चीफ फिलिप लज्जैरिनी ने कहा कि फिलिस्तीन में 1948 के बाद हम सबसे बड़ा पलायन देख रहे हैं। खासतौर पर उत्तरी गाजा से बड़ी संख्या में लोगों ने पलायन किया है और करीब 11 लाख लोग अपना घर छोड़कर भागे हैं। इनमें से ज्यादातर लोग दक्षिणी गाजा में गए हैं तो कुछ लोगों ने वेस्ट बैंक में जाकर शरण ली है। हजारों की संख्या में लोग मिस्र भी गए हैं। लज्जैरिनी ने कहा कि भूख, प्यास से तड़पते और दवाओं तक के संकट से जूझ रहे बीमार लोगों को भी पलायन करना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र रिफ्यूजी एजेंसी का कहना है कि उसने अब तक 8 लाख से ज्यादा लोगों के लिए रहने आदि की व्यवस्थाएं की हैं। इन लोगों के पास खाना, पानी और तमाम जरूरी चीजों की कमी है। यहां तक कि शौच के लिए भी इन लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। एजेंसी का कहना है कि शेल्टरों में रह रहे 30 फीसदी लोगों को स्किन एलर्जी हो गई है।

खराब स्थिति में रहने के चलते ये बीमारियां हो रही हैं। इस बीच इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी स्वीकार किया है कि सेना के हमलों में आम नागरिक भी हताहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमास के खिलाफ जारी ऑपरेशन में नागरिकों को कम से कम नुकसान पहुंचाने की हमारी कोशिश उतनी सफल नहीं रही, जितना हमारा प्रयास था। नेतन्याहू ने सीबीएस न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि हमने हमलों से पहले आम नागरिकों से सुरक्षित जगहों पर रहने की अपील की थी। लेकिन हमास ने ऐसा नहीं होने दिया और उसने लोगों को खतरनाक स्थानों पर ही रोक लिया।

नेतन्याहू ने भी माना- आम नागरिकों को बचाना मुश्किल हो रहा

बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि एक भी नागरिक की मौत होना दुखद है। हमें ऐसा कुछ भी करने से बचना चाहिए। हमारी कोशिश भी यही है कि नागरिक युद्ध में बचे रहें। लेकिन हमास उन्हें जंग के रास्ते में ला रहा है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से बुधवार को ही एक प्रस्ताव पारित हुआ है, जिसमें कहा गया है कि इजरायल युद्ध विराम करे ताकि गाजा में मदद पहुंचाई जा सके। इसके अलावा नागरिकों की सहायता के लिए एक कॉरिडोर बनाया जा सके।

सिंधिया ने किया भाजपा को पूर्ण बहुमत का दावा

भोपाल। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर पहुंचकर मतदान किया। सिंधिया विशेष विमान से दिल्ली से ग्वालियर पहुंचे, एयरपोर्ट से वे सीधे जलविहार स्थित एएमआई शिशु मंदिर स्थित अपने मतदान केंद्र पहुंचे और वोट डालकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। वोट डालने के बाद सिंधिया ने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ना प्रजातंत्र के लिए एक अच्छा संकेत है। आज ऐतिहासिक मतदान होगा और भाजपा को पूर्ण अशीर्वाद मिलेगा, ऐसा मुझे पूरा भरोसा है। उन्होंने दावा किया कि पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार स्थापित होगी। सिंधिया ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर के बेटे के वायरल वीडियो पर कहा कि ऐसे काम कांग्रेस क़रती है और यह बहुत ही अशोभनीय है।

चुनाव ड्यूटी में लगे दो कर्मचारियों की मौत

बैतूल/उमरिया। मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए आज सुबह 7 बजे से वोटिंग हो रही है. इस बीच दो जिलों में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की मौत हो गई. बैतूल में सीने में दर्द की शिकायत के बाद चुनाव कर्मी ने दम तोड़ दिया, जबकि उमरिया जिले में अचानक घबराहट से एक कर्मचारी की मृत्यु हो गई। उमरिया जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत संजय गांधी ताप विद्युत परियोजना में कार्यरत एक कर्मचारी जो कि चुनावी ड्यूटी अलॉटमेंट के लिए 16 नवंबर की सुबह पॉलिटेक्निक कॉलेज उमरिया पहुंचे थे, जहां उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उक्त कर्मचारी को जिला चिकित्सालय उमरिया लाया गया।

बंगाल की खाड़ी में भयंकर रूप ले रहा 'मिधिली'

इन दो राज्यों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट

कोलकाता। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र भयंकर चक्रवात का रूप ले रहा है। इस चक्रवात का नाम 'मिधिली' रखा गया है। शुक्रवार तक यह चक्रवात बांग्लादेश तट से गुजर सकता है। मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा त्रिपुरा और मिजोरम में भी शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 40 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

इन राज्यों में भी दिखेगा चक्रवात का असर

मौसम विभाग का कहना है कि नगालैंड, मणिपुर, असम और मेघालय में भी शनिवार तक

बारिश होगी। अगले 24 घंटे में चक्रवात मिधिली भयंकर रूप ले सकता है। यह चक्रवात मोंगला और खेपुपाड़ा के बीच से होकर गुजरेगा। मौसम बुलेटिन के मुताबिक, यह कम दबाव का क्षेत्र उत्तर से उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ेगा और तूफान का रूप ले लेगा। शनिवार की सुबह यह बांग्लादेश के तट पर पहुंच सकता है। यहां हवाओं की रफ्तार 75 किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो कीत है। इमें दक्षिण 24 परगना, पूर्वी नमेदिनीपुर, कोलकाता, हावड़ा. नादिया और पूर्वी बर्दमान जिले शामिल हैं। पूरे राज्य में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्ता से हवाएं चलेंगी। हालांकि कई जिलों में हल्की ही बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती दबाव का क्षेत्र अभी बंगाल की खाड़ी में उत्तर और उत्तरपूर्व में है। यह दीघा से 460 किलोमीटर दूर दक्षिण पश्चिम में है। चक्रवात का रूप लेने के बाद यह बांग्लादेश तट की ओर तेजी से बढ़ेगा। मछुआरों को सावधान किया गया है और 16 से 18 नववंबर के बीच समंदर में उतरने से रोका गया है। कोलकाता में भी हल्की बारिश शुक्रवार को ही शुरू हो सकती है। इसके अलावा शहर में 18 नवंबर तक भारी बारिश की संभावना है। इस चक्रवात का नाम मालदीव ने दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक ओडिशा के तटीय इलाकों में भी तूफान की वजह से जन-जीवन प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा तमिलनाडु में भी 20 नवंबर तक हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। तमिलनाडु और केरल के कुछ इलाकों में भारी बारिश की भी संभावना है। बंगाल की खाड़ी में भयंकर रूप ले रहा चक्रवात 'मिधिला', कोलकाता। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र भयंकर चक्रवात का रूप ले रहा है। इस चक्रवात का नाम 'मिधिली' रखा गया है। शुक्रवार तक यह चक्रवात बांग्लादेश तट से गुजर सकता है। मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा त्रिपुरा और मिजोरम में भी शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 40 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

देवसंस्कृति में अंतरराष्ट्रीय योग समिट-23 की शुरुआत

योग ही मन को शांत रखता है : पद्मश्री डॉ नागेन्द्र

हरिद्वार/नवप्रदेश। हरिद्वार स्थित देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग समिट-23 का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की शुरुआत स्वामी चिदानंद सरस्वती, पद्मश्री डॉ एच. आर. नागेन्द्र, पद्मश्री डॉ भारत भूषण, डॉ चिन्मय पण्ड्या एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ प्रणव पण्ड्या ने कहा कि युगऋषि पं श्रीराम शर्मा कहते रहे हैं कि समस्त समाज मिलकर रहें, सभी एक दूसरे के सकारात्मक कार्यों में सहयोग करें। शांतिकुंज के रचनात्मक प्रकल्पों से सभी लाभान्वित हों। स्वामी योग अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष डॉ प्रणव पण्ड्या ने कहा कि समाजोत्थान सहित योग के क्षेत्र में

चलाये जा रहे अभियानों में शांतिकुंज, देवसंस्कृति विश्वविद्यालय सदैव प्रमुख भूमिका निभायेगा। उद्घाटन सत्र में वर्चुअल माध्यम से जुड़े आर्ट ऑफ लिविंग फाउण्डेशन के अध्यक्ष श्री श्री रविशंकर जी ने कहा कि योग अपने कर्म की कौशलता को निखारता है। सतोगुणी कर्म को बढ़ाता है। ज्ञान, कर्म और भक्ति के संगम का नाम है योग। उन्होंने कहा कि भारतीयता को विश्व मानवता के साथ सामंजस्य रखने का नाम योग है। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि वर्तमान समय में हमें सनातन योग की आवश्यकता है, जो सभी को जोड़ें, दरारों को भरे और दिलों को जोड़ों। जो नफरत, जात पात, छुआछूत, ऊँच-नीच की सारी दीवारों को हटायें, क्योंकि योग तो जोड़ने का कार्य करता है। आज विश्व को एकात्म योग की जरुरत है। मोक्षायतन, अंतरराष्ट्रीय योगाश्रम के संस्थापक पद्मश्री स्वामी भारत भूषण ने कहा कि योग हमें मरीचिका से बाहर निकलने का राह दिखाता है। सभी योग साधकों को ज्योति से ज्योति जलाकर संपूर्ण मानवता के लिए कार्य करना चाहिए। स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के कुलपति पद्मश्री डॉ एच.आर. नागेन्द्र ने कहा कि योग ही मन को शांत रखता है।

कांग्रेस प्रत्याशी ने फकीर से पिटकर लिया आशीर्वाद

रतलाम। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में फतह हासिल करने के लिए उम्मीदवार हर तरीके के उपाय अपना रहे हैं। राजनीतिक दल एक तरफ लोक लुभावन घोषणाओं से मतदाताओं को लुभाने की कोशिश में लगे हैं तो वहीं प्रत्याशी भी अपने व्यक्तिगत स्तर पर जीत की जुगत में लगे हैं. कोई मंदिर में माथा टेक रहा है तो कोई बाबा-फकीरों के आशीर्वाद के सहारे है. इस बीच रतलाम सीट से कांग्रेस उम्मीदवार पारस सकलेचा का एक अनोखा वीडियो

देखने को मिला. इसमें सकलेचा चप्पलों से पिटते नजर आए। व्यापमं घोटाले के व्हिसलब्लोअर और पूर्व विधायक पारस सकलेचा रतलाम सिटी विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. चुनावी माहौल के बीच सकलेचा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बुजुर्ग कांग्रेस प्रत्याशी को चप्पल से पीट रहा है. यही नहीं, सकलेचा भी प्रेम से पिटते नजर आ रहे हैं. हर कोई इस वीडियो को देख अवाक रह गया. लेकिन हकीकत कुछ और ही निकली। भारतीय आईटी उद्योग के 'पितामह' फकीर चंद कोहली नहीं रहे। बताया गया कि रतलाम में बाबा कमाल रजा नाम के एक फकीर बहुत प्रसिद्ध हैं. वह महू नीमच रोड पर ही घूमते रहते हैं. फकीर कमाल रजा अपने पास मुराद लेकर आने वाले लोगों को चप्पलों से पीटकर आशीर्वाद देते हैं. अपनी फरियाद लेकर फकीर के पास आने वाले तमाम लोग नई चप्पलें भी पिटने यानी आशीर्वाद के लिए लेकर आते हैं। कमाल रजा के आशीर्वाद देने का यह तरीका फरियादियों को बहुत फलता है. इससे लोगों के जीवन में सफलता आती है और कष्ट दूर होते हैं। यही वजह है कि सड़क पर घूमने वाले फकीर को लोग ढूंढते रहते हैं और उनके मिलते ही चप्पलों से पिटने की ख्वाहिश जताते हैं।

रेव पार्टी मामला : राहुल ने उगले कई राज

नोएडा। नोएडा में सांप तस्करी और रेव पार्टी मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों में से राहुल यादव को दोबारा रिमांड पर लिया है। राहुल यादव की रिमांड दोपहर 12 बजे से शुरू हुई थी। 24 घंटे की इस रिमांड में राहुल से एल्विस यादव और फजलपुरिया समेत लोकेशन आदि अन्य विषयों पर भी पूछताछ हुई। इस दौरान उसने कई महत्वपूर्ण बातें बताईं। रिमांड में पुलिस ने राहुल से उसकी डायरी में मिले फोन नंबर, लोकेशन और मीडिएटर के बारे में

जानकारी ली। पुलिस जानना चाहती है कि राहुल कभी उन मीडिएटर से मिला है कि नहीं जिनके एक फोन पर पार्टी में सांप और वेनम लेकर जाता था। इस बीच कुछ ऐसी सोशल नेटवर्किंग ऐप की जानकारी मिली, जिनके जरिए डील होती थी। जिन एप के जरिए राहुल मीडिएटर और अन्य लोगों से बातचीत करता था वो ऐप गूगल प्ले स्टोर और अन्य नेटवर्किंग प्लेट फार्म पर आसानी से नहीं मिलते।

इसमें डेटा लीक होने का खतरा नहीं होता और इस पर ट्रैफिक कम होता है। वहीं, एल्विश ने आज एक पोस्ट जारी किया। इसमें वो अपने अधूरे शूट के लिए वापस मुंबई पहुंच गए है। जाहिर है कि अब एल्विश और राहुल को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की संभावना कम रह गई है।

बीजिंग में इतिहास बना एयर पलूशन, दिल्ली को क्यों नहीं मिल रहा सॉल्यूशन

नई दिल्ली(ए.)। सर्दियां शुरू होते ही राजधानी दिल्ली समेत कई शहर प्रदूषण से हांफने लगते हैं। लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है। धुंध की चादर की वजह से सूर्य के दर्शन नहीं होते और सांस की बीमारी से ग्रसित लोगों की जान पर बन जाती है। बीते एक महीने से दिल्ली में प्रदूषण का कहर देखने को मिल रहा है। यहां तक कि स्कूल बंद करने पड़ गए। प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए सरकारें हाथ खड़ी कर चुकी हैं। इस समस्या का कोई स्थायी समाधान अबतक नहीं निकल पाया है। दिल्ली का एक्यूआई 500 क्रॉस कर गए। स्वास्थ्य एजेंसियों भी दिल्ली जैसे शहर में जीवन प्रत्याशा एक दशक तक घटने की चेतानवी दे दी। कुछ साल पहले चीन में भी ऐसी ही स्थिति बन जाती थी। राजधानी बीजिंग में लोगों को सांस लेना दूभर हो जाता

था। लेकिन चीन ने इस समस्या का समाधान निकाल लिया और उसने एयर पलूशन को कम करके इतिहास बना दिया।

चीन को कैसे मिली प्रदूषण से निजात?

भारत की तरह चीन में भी बढ़ते उद्योग, शहरीकरण और ईंधन के अत्यधिक उपयोग का असर दिखाई दे रहा था। चीन के अस्पताल में सांस के मरीजों का तांता लगा रहता था। बीजिंग में ही करीब 2.2 करोड़ लोग रहते हैं। गंभीर संकट को देखते हुए चीन ने लोगों में जागरूकता का काम शुरू किया।

2013 में ही चीन ने प्रदूषण से लड़ने का ऐक्शन प्लान बनाया और इसके लिए अरबों डॉलर खर्च करने की ठान लगी। इसके बाद बड़े शहरों में वाहनों पर प्रतिबंध ळगाया गया। एमिशन पर कंट्रोल, पूरे देश में एयर मॉनिटरिंग स्टेशन और हैवी पलूशन इंडस्ट्रियों और कोयले के विकल्प पर काम करना शुरू किया गया। आईक्यूएयर के ग्लोबल सीईओ फ्रैंक क्रिस्टियन हैम्स के मुताबिक चीन ने प्रदूषण को गंभीरता से लिया।

उन्होंने कहा, अब चीन के रेस्तरां या फिर स्ट्रीट फूड वेंडर्स के पास कोयले या लकड़ी का इस्तेमाल एकदम खत्म हो गया है। इसके लिए इलेक्ट्रिसिटी या फिर गैस का इस्तेमाल किया जाता है। यहां तक कि पावर जनरेटर भी गैस से चलाए जाने लगे। इससे बड़ा परिवर्तन देखने को मिला। एक दशक में नाटकीय तरीके से चीन की हवा में सुधार हुआ। 2013 के मुकाबले 2021 में चीन के प्रदूषण में 42 फीसदी की कमी आई। एक दशक के बाद अब चीन का नाम टॉप प्रदूषित देशों में नहीं है। इसका स्थान अब 27वां है।

क्या गलती कर रहा भारत

जानकारों का कहना है कि भारत में जब प्रदूषण बढ़ता है तभी इसके बारे में विचार भी शुरू होता है। सीआरईए के सुनील दहिया ने कहा कि भारत के पास प्रदूषण कम कनरे की क्षमता है। हमारे पास पैसा और तकनीक दोनों है लेकिन अप्रोच सही नहीं है। बीजिंग की तरह ही कड़े प्रतिबंध लगाकर ही प्रदूषण को कम किया जा सकता है और इसका प्रभाव कुछ समय बाद दिखाई देगा। बता दें कि हरियाणा और पंजाब में बड़ी मात्रा में पराली जलाई जाती है। इसके अलावा कुकिंग के लिए भी सस्ते फ्यूल का इस्तेमाल होता है जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। राजधानी दिल्ली में सर्दियां आते ही हालत खराब हो जाती है और हर साल लोग यही पूछते हैं कि कोई परिवर्तन क्यों नहीं हो रहा। राजनीतिक दलों में भी प्रदूषण खत्म करने के लिए कोई ज्यादा इच्छा नहीं दिखाई देती। चुनाव के वक्त फ्री की चीजों को मुद्दा बनाया जाता है लेकिन प्रदूषण मुद्दा नहीं बनता। जन जागरूकता बढ़ने के बाद ही ऐसी चीजें मुद्दा बन सकती हैं और उनपर कोई मजबूत ऐक्शन प्लान तैयार हो सकता है।

नरेंद्र तोमर के बेटे के खिलाफ जांच की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे के पैसे के लेनदेन के वीडियो वायरल होने के बावजूद इस मामले में एजेंसी की चुप्पी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पूर्व मंत्री हारून यूसुफ सहित दिल्ली कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और ईडी और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेस नेताओं ने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र सिंह तोमर के बारे में सोशल मीडिया में प्रसारित एक वीडियो की जांच के लिए ईडी और सीबीआई को क्यों नहीं तैनात कर रहे हैं, जो वीडियो कॉल पर एक व्यक्ति के साथ 10,000 करोड़ रुपये का सौदा कर रहे हैं।

मुस्कराते हुए जतमिन बाई ने कहा- बोट दे हंव, मोरो फोटो खींच न दाऊ

कोरिया/नवप्रदेश। ओड़गी मतदान केंद्र में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मतदान करके बाहर निकल रहे थे, तभी वोट देकर मतदान केंद्र परिसर में खड़ी ओड़गी निवासी श्रीमती जतमिन बाई ने फोटोग्राफर से कहा 'बोट दे हंव, मोरो फ़ोटो खींच न दाऊ'! बुजुर्ग महिला की बात को सुनकर वहां खड़े लोग हंसने लगे। लेकिन जतमिन बाई के चेहरे में जो खुशी व आत्मविश्वास दिख रहा था, वह प्रत्येक मतदाताओं के लिए प्रेरणा करने वाली थी।

दिव्यांग मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

बालोद/नवप्रदेश। अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जिले के मतदाताओं ने भारी उत्साह एवं जागरूकता का प्रत्यक्ष उदाहरण आज मतदान केंद्र क्रमांक 209 कोल्हियमर में देखने को मिला। इसमें लंबे समय से बीमार और दिव्यांग बुजुर्ग है तथा जिनका निरंतर इलाज भी चल रहा है फिर भी अपने मताधिकार उपयोग करने हेतु ग्राम कोल्हियमर में स्थापित मतदान केन्द्र 209 में उपस्थित हुई तथा अपने मताधिकारी का उपयोग किया।

वोट डालने गए व्यक्ति को हाथी ने कुचला

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिला अंतर्गत आने वाले कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर के खड़गवां रेंज के ग्राम मंगोरा में हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक का नाम उमेन्द्र सिंह पिता स्व अमर सिंह (30) है, जो कि मतदान करने नजदीक के मतदान केंद्र गया था। जहां कतार लंबी होने से नदी के किनारे एक हाथी के आने की जानकारी मिलने पे उस की तरफ जा रहा था। इसी दौरान उसका सामना हाथी से हो गया। हाथी ने उसे कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मृतक कुछ समझ पाता तब तक समूह से बिछड़े एक हाथी ने उसे कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई।

हाथियों का दल कर रहा तांडव

कोरिया वन मंडल के खड़गवां रेंज में पिछले कुछ दिनों से एक हाथी दल से बिछड़ कर विचरण कर रहा है। लगातार हाथी गांव के आसपास वितरण करते साल में कई बार नजर आ ही जाता है। इससे उनको खतरा बना हुआ है। ग्रामीण चाहते है कि वन विभाग हाथियों को रेस्क्यू कर इस क्षेत्र से दूसरी ओर खदेड़ दे। ताकि वह राहत की सांस ले सके। वहीं ग्रामीण की हाथी के हमले से मौत के बाद रेंजर व वन मंडल अधिकारी वन अमले के साथ मौके पर पहुंचे। परिवार के परिजनों को मुआवजा राशि 25 हजार देने के साथ ही गांव के आसपास जंगल ना जाने के लिए मुनादी कराई ताकि कोई हाथी का शिकार ना हो सके।

मतदान के लिए दिखा गजब का जज्बा

कोरिया/नवप्रदेश। पान खाने के लिए बाइक, बाल कटवाने के लिए बाइक चाहिए! इन्हें दुपहिया न मिले तो आज के युवा नाराज हो जाते हैं। लेकिन हम तो जमाने से वोट देते आ रहे हैं, कभी पैदल आते थे, तो कभी साइकिल से। अपनी लड़खड़ाती जुबान से 95 वर्षीया श्रीमती अरुंधतिया ने कही। किसी ने मुझ से कहा इतनी उम्र में वोट डालने जाएगी तो उन्होंने कहा जमाने से वोट डाल रही हूँ, इसीलिए आज भी वोट डालने आई हूँ।

इसी तरह 90 वर्षीय कटवारी ने कहा तन से जरूर कमजोर हो गया हूँ, मन से नहीं हूँ। इसीलिए वोट देने आया हूँ। सचमुच इन बुजुर्गों के जज्बे को देखकर हर मतदाता इनसे प्रेरणा ले सकते हैं और लोकतंत्र की इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

बैगाओं ने वोट कर ली सेल्फी

कोटा/नवप्रदेश। प्रदेश में दूसरे चरण के 70 सीटों पर मतदान सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो चुका है। दूसरे चरण के मतदान में विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के लोगों ने लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में मतदान कर अपनी भागीदारी निभाई है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को मतदान करना ही चाहिए। कोटा ब्लॉक में 32 गांवों में लगभग 5 हजार विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी निवास करते हैं। इस महापर्व में उन्होंने भी आज भागीदारी निभाई है। इस बार वे बढ़-चढ़कर मतदान की प्रक्रिया में शामिल हो रहे है। उन्होंने न केवल मतदान किया बल्कि खुशी-खुशी सेल्फी भी ली। आज कोटा ब्लॉक के ग्राम करका, कुरदर, डिंडोल आदि गांवों के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी मतदान कर जागरूकता का परिचय भी दे रहे हैं। सारे काम छोड़कर गांव डिंडोल के लोगों ने मतदान करते हुए विकास का रास्ता चुना है।

मतदाताओं में उत्साह लगी लाइन

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान करने हेतु मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहे हैं। मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें लग रही है। जिला प्रशासन के द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अभियान चलाया था। इसके परिणाम स्वरूप मतदाताओं में मतदान करने हेतु उत्साह दिखाई दे रहा है।

झलमला में सास बहू ने किया मतदान

बालोद/नवप्रदेश। ग्राम झलमला के मतदान केन्द्र में रानू साहू ने अपनी नव विवाहिता बहू कौशल्या साहू के साथ मतदान केन्द्र 79 में उपस्थित होकर मतदान किया। श्रीमती कौशल्या साहू ने बताया कि आज अपनी सास के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंची है तथा अन्य लोगों को भी मताधिकार का उपयोग करने के लिये भी प्रेरित कर रही हैं।

साथ नजर आए राजनैतिक प्रतिद्वंदी, खिंचाई फोटो

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश में दूसरे चरण का मतदान है। सुबह से ही पोलिंग बूथों में मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है।

इसी बीच लोरमी विधानसभा से खुबसूरत तस्वीर सामने आई है। यहां पर राजनैतिक प्रतिद्वंदी एक साथ नजर आए। तीनों ने मुस्कुराते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। लोरमी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी थानेश्वर साहू, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और लोरमी से बीजेपी प्रत्याशी अरुण साव और जनता कांग्रेस जोगी के प्रत्याशी सागर सिंह बैस का आमना-सामना हुआ। तीनों राजनैतिक प्रतिद्वंदियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी औ उसके बाद उन्होंने शानदार फोटो भी खिंचवाई।

कोसागोंदी में तीन पीढ़ियों ने एक साथ किया मतदान

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के मतदान केन्द्र विधानसभा गुंडरदेही के ग्राम कोसागोंदी में आज एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों ने एक साथ मतदान किया गया।

ग्राम कोसागोंदी में स्थित मतदान केन्द्र में जयंत गुरु (77), अपने पुत्र तन्जू कुमार (48) तथा नाती अमित कुमार (20) के साथ मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र पहुंचे। सर्वप्रथम नाती अमित ने मतदान करने की इच्छा जताई। उसकी इच्छा का सम्मान करते हुए परिवार के वरिष्ठ सदस्य जयंत गुरु ने उसे पहले मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके उपरान्त पिता एवं दादा ने भी मतदान किया।

न्यूज गैलरी

नव विवाहित जोड़े ने किया मतदान

बालोद/नवप्रदेश। मतदान केन्द्र क्रमांक 38 में वार्ड क्र. 15 के रज्जाक खान ने अपनी नव विवाहिता पत्नी श्रीमती प्रीति के साथ सर्वप्रथम मतदान पहुंच कर मतदान किया। रज्जाक ने बताया कि आज उनकी धर्मपत्नी ने पहली बार मतदान कर लोगों से भी मतदान करने की अपील की। मतदान करने बाद नवविवाहित दंपति ने सेल्फी जोन में तस्वीरें भी ली।

चाकू से प्राणघातक हमला, गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मां मौली स्कूल के पास बुधवारी बाजार में पुराने विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। प्रार्थी श्यामाचरण मधुकर 47 वर्ष शुक्रवारी बाजार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसका भतीजा विकाश मधुकर 23 वर्ष बुधवारी बाजार के तरफ गया था। तभी आरोपी रोहित यादव 26 वर्ष ने पुराना विवाद को लेकर प्रार्थी के भतीजा से विवाद कर चाकू से हत्या करने की नियत स हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया।

महिला के गले से सोने का हार पार

रायपुर/नवप्रदेश। सतनामीपारा कोटा में घर में सो रही महिला के गले से अज्ञात चोर ने सोने को माला पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया भारती पात्रे 32 वर्ष सतनामीपारा कोटा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अपने घर में सो रही थी, तभी अज्ञात आरोपी प्रार्थिया के घर में प्रवेश कर उसके गले में पहने सोने का गेंहूदाना पत्ती माला को चोरी कर लिया। जेवर की कीमत करीब 67390 रुपए के बताई जा रही है।

स्कूलों में पाठ्यक्रम अधूरे, छःमाही में 70 फीसदी सिलेबस से ही सवाल

रायपुर/नवप्रदेश। चुनाव कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने का असर पढ़ाई पर भी दिखने लगा है। हालात यह है कि दिसंबर में होने वाली छहमाही परीक्षा में इस बार 80% की जगह 70% पाठ्यक्रम से ही सवाल आएंगे। दिसंबर से प्रथम सप्ताह से स्कूलों में छमाही परीक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए समय-सारिणी जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जारी कर दी गई है। वस्तुस्थिति पता करने के लिए विभिन्न शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों व छात्रों से बात की तो यह ज्ञात हुआ कि निर्धारित पाठ्यक्रम अब तक पूर्ण नहीं हो सका है।

इन स्थितियों में जितना पाठ्यक्रम पूर्ण हो सका है, उतने में ही परीक्षाएं ली जाएंगी। कई स्कूल छमाही परीक्षाओं के बाद अतिरिक्त कक्षाएं लगाने की भी तैयारी में हैं, ताकि वार्षिक परीक्षाओं के पर्याप्त समय पहले कोर्स पूर्ण किया जा सके और छात्रों को रिवीजन के लिए भी वक्त मिले। बोर्ड कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षा जनवरी माह में प्रारंभ होने की संभावना है। वहीं सैद्धांतिक परीक्षाएं मार्च के प्रथम सप्ताह से शुरू होंगी।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा सत्र के प्रारंभ में ही यह निर्धारित कर दिया जाता है कि माहवार प्रत्येक विषय के कितने यूनिट पूर्ण हो जाने चाहिए। इसके आधार पर ही छात्रों की परीक्षाएं ली जाती रही हैं। **सामान्यतः** नॉन बोर्ड कक्षाओं में छमाही परीक्षाओं में 80त्न सिलेबस से सवाल पूछे जाते रहे हैं। वहीं बोर्ड कक्षाओं में लगभग 100त्न पाठ्यक्रम से सवाल पूछे जाते हैं।

ताकि बोर्ड परीक्षाओं के पूर्व ही छात्र संपूर्ण सिलेबस पर आधारित एक और परीक्षा दिला सकें और उनका अभ्यास हो सके। इस बार बोर्ड कक्षाओं में भी 20 प्रतिशत सिलेबस कम रहेगा। अर्थात दसवीं-बारहवीं के छात्रों से 80% पाठ्यक्रम से ही सवाल पूछे जाएंगे।

सुबह और रात को ठंड का एहसास अंबिकापुर में पारा 13.5 डिग्री पहुंचा

रायपुर/नवप्रदेश। उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के प्रभाव से अब ठंड बढ़ने लगी है। विशेषकर सुबह-सुबह और रात के वक्त ठिठुरन बढ़ने लगी है। हालांकि दिन के वक्त आंशिक रूप से बादल छाए रहने के कारण थोड़ी उमस बनी हुई है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन उसके बाद न्यूनतम तापमान में थोड़ी वृद्धि होगी। बुधवार को प्रदेश भर में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा, यहां का न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से गुरुवार 16 नवंबर को प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। इसके चलते अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बदलाव नहीं होगा। इसके साथ ही दक्षिण पूर्व के कुछ जिलों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

न्यूनतम तापमान बढ़ा

बादल छाए रहने से रायपुर का न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस रहा। दुर्ग का न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री और राजनांदगांव का न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन दोनों ही शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रहा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि तापमान में अभी कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।

केशकाल घाट की आज से होगी मरम्मत, रास्ता बंद



18 से 30 तक मालवाहक व भारी वाहनों का आवागमन पर लगा प्रतिबंध रुट डायवर्ट

कांकेर/केशकाल। लंबे समय के इंतजार के बाद आखिरकार राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने एनएच 30 केशकाल घाट की सुध ले ली है। आगामी 18 नवम्बर से केशकाल नगरीय एवं घाट की सड़क के पेंच मरम्मत का कार्य शुरू होने जा रहा है। केशकाल एसडीएम शंकरलाल सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए पेंच मरम्मत कार्य प्रारंभ होने एवं मरम्मत अवधि के दौरान भारी मालवाहक वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किए जाने की जानकारी दी है।एसडीएम शंकरलाल सिन्हा से मिली जानकारी के अनुसार एनएच 30 गोल्डी ढाबा से दादरगढ़ तक के सड़क में आगामी 18 से 30 नवम्बर तक पेंच मरम्मत का कार्य होगा। मरम्मत अवधि में छोटी कार और बसें इसी मार्ग से आवागमन करेंगी।वहीं बड़ी ट्रक, ट्रेलर एवं अन्य मालवाहक वाहनों के लिए विश्रामपुरी चौक से विश्रामपुरी, बोराई, नगरी होते हुए धमतरी की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की दंडाधिकारी जांच का आदेश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले के थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत 21 अक्टूबर 2023 को प्रातः 07 बजे ग्राम केसोकोड़ी और गोमे के बीच जंगल पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ घटना में दो अज्ञात नक्सली (माओवादी) की मृत्यु की निष्पक्ष जांच, गंभीरता एवं आवश्यकता को देखते हुए डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व अनुभाग अंतागढ़ विश्वास कुमार को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें अपना जांच प्रतिवेदन तैयार कर 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। दण्डाधिकारी जांच में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के घटना की पृष्ठभूमि, घटना में शामिल सशस्त्र बलों के सर्चिंग अभियान हेतु विभागीय आदेशों, निर्देशों का विवरण, ग्रामीणों का कथन-साक्ष्य, अभिमत आदि का विवरण, थाना कोयलीबेड़ा में दर्जएफआईआर, पुलिस विवेचना व अभिमत का उल्लेख करते हुए सुसंगत धाराओं का विवरण इत्यादि बिन्दुओं पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

जांच उपरांत प्रतिवेदन 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश

नक्सलियों ने मोबाइल टॉवर के जनरेटर को किया आग के हवाले

गांव में विकास कार्यों एवं घटते जनाधार से तिलमिला रहे नक्सली

कांकेर/अंतागढ़/नवप्रदेश। पुलिस और बीएसएफकी संयुक्त कार्यवाही से नक्सली बैकफुट पर आते नजर आ रहे हैं। दोनों की कुशल रणनीति से नक्सलियों के हौसले पस्त होते जा रहे हैं। नक्सली पुलिस की कार्यवाही के बाद तिलमिला उठे हैं। बीती रात छोटेबेटिया थाना क्षेत्र में अचिनपुर गांव में नक्सलियों के द्वारा जिओ मोबाइल टावर जनरेटर को आग के हवाले करने की घटना सामने आ रही है।

बता दें कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों एवं घटते जनाधार से नक्सली बोखलाहट में आकर इस प्रकार घटना को अंजाम देने की कोशिश की जा रही है।नक्सलियों द्वारा घटित घटना के बाद से पुलिस एवम बीएसएफके द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

संपादकीय

खिसयानी बिल्ली की तरह खंभा नोच रहे पाकिस्तानी क्रिकेटर

भारतीय क्रिकेट टीम ने इस विश्वकप में जैसा शानदार प्रदर्शन किया है और हर मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई है वह काबिले तारीफ है। भारत की यह उपलब्धि पाकिस्तानी क्रिकेटरों को रास नहीं आ रही है। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम तो सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाई। जिसकी वजह से पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम को कप्तानी से इस्तीफा देना पड़ गया है। पाकिस्तान में बाबर आजम की कप्तानी में टीम के खराब प्रदर्शन को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। अपनी टीम की खामियों पर गौर करने की जगह पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटरों ने भारतीय क्रिकेट टीम के प्रदर्शन पर सवालिया निशान लगाना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन खान ने यह सनसनीखेज आरोप लगाया था कि भारतीय गेंदबाजों को अलग तरह की गेंद दी जाती है। जिससे वे धड़ाधड़ विकेट लिए जा रहे हैं। उन्होंने गेंद के साथ छेड़छाड़ करने की भी आशंका जताई थी। पाकिस्तान के वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद वहां एक और पूर्व क्रिकेटर सिकंदर बख्स ने कहा है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस फिक्स कर रखा है। वे दूर सिक्का उछालते हैं और आईसीसी के अधिकारी भारत के पक्ष में निर्णय दे देते हैं। विपक्षी टीम का कप्तान टॉस फेंक ही नहीं पाता। सिकंदर बख्स का आरोप है कि भारतीय क्रिकेट टीम काबिलियत के बल पर नहीं बल्किटॉस फिक्स करके फाइनल तक पहुंची है। खिसयानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए एक और पूर्व क्रिकेटर आकिब जावेद ने भी आरोप लगाया है कि बीसीसीआई क्रिकेट को कंट्रोल कर रहा है। वर्ल्ड कप पहले से ही प्लांड है इसे भारत ही जितेगा। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद हाफिज ने तो और भी बड़ा आरोप लगाया है कि बीसीसीआई पिच घोटाला कर दिया है और घोटालेबाजी कर भारत को जिताया जा रहा है। पाकिस्तान की तरह ही इंग्लैंड भी इस विश्वकप से बाहर हो चुकी है पूर्व विश्वकप विजेता इंग्लैंड का प्रदर्शन इस विश्वकप में बेहद निराशाजनक रहा है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माईकल वॉन ने भी भारत की निरंतर सफलता को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। उनका आरोप है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत को जीत दिलाने के लिए पिच ही बदल दी गई । नई पिच की जगह पुरानी पिच पर मैच खेला गया। जिसकी वजह से भारत सेमीफाइनल जीत गया। माईकल वॉन के इस आरोप को बेबुनियाद बताते हुए आईसीसी ने कहा कि सेमीफाइनल मैच नई पिच पर खेलना जरूरी नहीं है। जहां तक की न्यूजीलैंड के कप्तान ने भी पिच को बेहतर बताया था। उन्होंने इस पिच पर कोई सवालिया निशान नहीं लगाया था। कुल मिलाकर पाकिस्तान हो या इंग्लैंड दोंनो ही देशों के पूर्व क्रिकेटर अपने देश की टीमों की शर्मनाक हार के कारण बौखला गए हैं। और अपनी खीज मिटाने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के प्रदर्शन पर संदेह जताकर व्यर्थ का बवाल खड़ा कर रहे हैं। जबकी सारी दुनिया देख रही है कि इस विश्वकप में भारतीय क्रिकेट टीम इस तरह का बेहतर प्रदर्शन कर रही है। भारतीय बल्लेबाजों ने ही सबसे ज्यादा रन बनाएं हैं और भारतीय गेंदबाजों ने ही सबसे ज्यादा विकेट चटकाएं हैं। भारतीस क्रिकेट टीम इस समय दुनिया की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट टीम है। जिसने इस विश्वकप के सेमीफाइनल तक के सफर में सभी टीमों को पानी पिला दिया है। कोई भी टीम भारत को हराने में सफल नहीं हुई है। भारत की इस उपलब्धि का यदि विपक्षी टीमों के क्रिकेटर सम्मान नहीं कर सकते तो बेशक न करें लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के प्रदर्शन को लेकर अनर्गल आरोप भी न लगाएं । खेल में तो जीत और हार लगी ही रहती है इसलिए खेल के परिणामों को खेल भावना से ही लिया जाना चाहिए। इस विश्वकप में टीम इंडिया ने जो मुकाम हासिल किया है। वह उसने अपनी काबिलियत के दम पर ही हासिल किया है और अपने इसी शानदार प्रदर्शन के कारण ही वह 19 नवंबर को अहमदाबाद में आस्ट्रेलिया को फाइनल में पराजित कर विश्वकप पर अपना कब्जा करने में निश्चित रूप से सफल होगी।

छठः आस्था एवं उत्साह का लोकपर्व

योगेश कुमार गोयल

आस्था और निष्ठा का अनुपम लोकपर्व 'छठ' उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सूर्योपासना का महापर्व है। यह पर्व सूर्य, उनकी पत्नी उषा तथा प्रत्यूषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित है। उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है, इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है। षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है, जो निसंतानों को संतान देती हैं और संतानों की रक्षा कर उनको दीर्घायु बनाती हैं। पुराणों में षष्ठी देवी का एक नाम कात्यायनी भी है, जिनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी को होती है। माना जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति, सम्पन्नता और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं। छठ पूजा इस वर्ष 17 नवम्बर से 20 नवम्बर तक मनाई जा रही है। नहाय-खाय 17 नवम्बर को और खरना 18 नवम्बर को है जबकि छठ की मुख्य पूजा संध्या अर्ध्य के साथ 19 नवम्बर को होगी। उगते सूर्य को अर्ध्य 20 नवम्बर को दिया जाएगा और उसी के साथ छठ महापूजा का समापन होगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रातःकाल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्ध्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा-आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ पर्व के प्रसाद में प्रायः चावल के लड्डू बनाए जाते हैं और बांस की टोकरी में प्रसाद तथा फल सजाकर इस टोकरी की पूजा की जाती है। व्रत रखने वाली महिलाएं सूर्य को अर्ध्य देने तथा पूजा के लिए तालाब, नदी अथवा घाट पर जाकर स्नान कर डूबते हुए सूर्य की पूजा करती हैं और अगले दिन सूर्योदय के समय सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा करने के पश्चात् प्रसाद बांटकर छठ पूजा का समापन होता है। सही मायनों में यह महापर्व जीवनदायी सूर्यदेव के प्रति आभार प्रकट करने का महापर्व है।

छठ महापर्व की शुरूआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी मान्यता है कि लोक मातृका षष्ठी की पहली पूजा सूर्यदेव ने ही की थी। सूर्य को ज्योतिष विधा में सभी ग्रहों का अधिपति माना गया है। इसीलिए मान्यता है कि यदि समस्त ग्रहों को प्रसन्न करने के बजाय केवल सूर्यदेव की ही आराधना की जाए तो कई लाभ मिल सकते हैं। माना जाता है कि सर्वप्रथम महाबली कर्ण ने ही सूर्यदेव की पूजा शुरू की थी और आज भी छठ पर्व में सूर्य को अर्ध्य देने का विशेष महत्व है। सूर्यपुत्र कर्ण तो भगवान सूर्य के परम भक्त थे, जो प्रतिदिन घंटों तक कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्ध्य दिया करते थे। सूर्यदेव की कृपा से ही वे महान् योद्धा बने थे। एक मान्यता यह भी है कि देवमाता अदिति ने प्रथम देवासुर संग्राम में असुरों से देवताओं के हार जाने पर तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए देवारण्य के देव सूर्य मंदिर में छठी मैया की आराधना की थी। छठी मैया ने उनकी आराधना से प्रसन्न होकर उन्हें सर्वगुण सम्पन्न तेजस्वी पुत्र को जन्म देने का वरदान दिया, जिसके बाद अदिति ने त्रिदेव रूप आदित्य भगवान को जन्म दिया, जिन्होंने देवताओं को असुरों पर विजय दिलाई। कहा जाता है कि तभी से छठ पर्व मनाए जाने का चलन शुरू हो गया। इस पर्व को लेकर कुछ मान्यताएं महाभारत काल से भी जुड़ी हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार पाण्डव जब अपना सारा राजपाट जुए में हार गए थे, तब श्रीकृष्ण के निर्देशानुसार द्रोपदी ने छठ व्रत रखा और छठी मैया के आशीर्वाद से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पाण्डवों को राजपाट वापस मिला। पाण्डवों की पत्नी द्रोपदी द्वारा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना और लंबी आयु के लिए नियमित रूप से सूर्य की पूजा करने का उल्लेख भी मिलता है।

गरीबी पर खुलकर बहस होनी चाहिए

संतोष कुमार भार्गव

चुनाव प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर गरीबी को सबसे बड़ी जाति बताया है। कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना कराए जाने के चुनावी वायदे से होने वाल संभावित नुकसान की काट के तौर पर श्री मोदी गरीबी को सबसे बड़ी जाति बताकर उन वर्गों को साधने की कोशिश में जुटे हुए हैं जो ओबीसी श्रेणी में आने के बावजूद लाभान्वित नहीं हो सके। बिहार में जातिगत जनगणना के बाद उससे जुड़ी विसंगतियां जिस तरह से सामने आने लगी हैं उसका सूक्ष्म अध्ययन करते हुए भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस और मंडलवादी अन्य पार्टियों के हाथ से ये हथियार छीनने की फिराक में हैं। सुनने में आ रहा है कि पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद पार्टी आरक्षण और जातिगत जनगणना के राजनीतिक प्रभाव का आकलन करने के बाद किसी ऐसी नीति का ऐलान करने पर विचार करेगी जिससे आरक्षण का मौजूदा ढांचा बदले बिना ही आर्थिक दृष्टि से कमजोर तबके को सभी प्रकार से संतुष्ट कर दिया जाए।

आज के राजनीतिक माहौल में जातिगत आरक्षण को आर्थिक आधार प्रदान करना तो खतरे से खाली नहीं होगा परंतु एक बात अब निष्कर्ष मे बदलने लगी है कि जातिगत आरक्षण केवल राजनीतिक नेताओं और उनके परिवारों की मिल्कियत बनकर रह गया है। उनके अलावा नौकरशाहों का एक वर्ग भी उसके फायदों पर कुंडली मारकर बैठा हुआ है।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस संबंध में अनेक बार टिप्पणी भी की । सामाजिक मंचों पर भी इस बार में मंथन चल रहा है । लेकिन राजनेता साहस नहीं दिखा पा रहे । कुछ साल पहले बिहार विधानसभा के चुनाव के समय आरएसएसप्रमुख डा. मोहनभागवत ने सहज रूप से आरक्षण की समीक्षा किए जाने का सुझाव दिया था। उसकी बेहद तीखी प्रतिक्रिया हुइ और भाजपा को काफी नुकसान हो गया।हालांकि बाद में संघप्रमुख ने इस बातको कई बार दोहराया कि फिलहाल आरक्षण को हटाने की स्थितियां नहीं बनी हैं । तभी से भाजपा भी इस विषय में सतर्क हो गई । और सोशल इन्जीनियरिंग का उपयोग करते हुए पिछड़ी जातियों को अपने साथ जोड़ लिया जिससे दूसरी पार्टियों को तकलीफ है।

जातिगत जनगणना का अस्त्र दरअसल इसी के जवाब में निकाला गया ।भाजपा की दुविधा ये है कि इसका समर्थन करने पर उसका सवर्णजनाधार खिसक जाएगा और विरोधकरन पर पिछड़ी और दलित जातियां हाथ से निकल जाएंगी । प्रधानमंत्री चूंकि इस बातको समझ गए हैं इसीलिए उन्होंने जातिगत जनगणना के जवाब में गरीबी को सबसे बड़ी जाति बताकर नए विमर्श को जन्म दे दिया। हालांकि अभी तक ये मुख्यधारा की राजनीति का विषय तो नहीं बन सका किंतु जिस तरह वे लगातार इसे दोहरा रहे हैं उससे लगता है कि गरीबी को सबसे बड़ी जाति बनाना किसी बड़े खेल का पूर्वाभ्यास है। गौरतलब है कि श्री मोदी शतरंज के खेल की तरह बहुत आगे की सोचकर चाल चलते हैं । मध्य प्रदेश में चूंकि कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को अपने चुनावी वायदे में शामिल कर लिया है इसलिए उन्होंने भी पलटवार कर दिया है। लेकिन भाजपा के बाकी नेता इस बारे में उतने मुखर नहीं है। सही मायनों में अब समय आ गया है जब आरक्षण के मामले में राजनेताओं को खुलकर अपने विचार व्यक्त करना चाहिए क्योंकि ये मुद्दा अब समाज में जातिगत दरारें चैड़ी करने का कारण बनता जा रहा है। एक समय था जब बिहार और उ.प्र हीजाति की राजनीति का बोलबाला था किंतु वोटों की राजनीति ने अब जाति को भारतीय राजनीति की अनिवार्य बुराई बना दिया है। पहले क्षेत्रीय पार्टियां ही इस बारे में मुखर थीं किंतु जिस तरह से राष्ट्रीय पार्टियां इससे जुड़ती जा रही हैं वह खतरनाक है। भाजपा शुरू में हालांकि सवर्ण जातियों की हित चिंतक मानी जाती थी किंतु धीरे-धीरे उसने भी जाति की राजनीति को अपना हथियार बनाया ।हालांकि उसे इसका लाभ भी हुआ किंतु एक राष्ट्रीय पार्टी के तौर पर उसे साहस के साथ आगे आना होगा। इसके पहले किस्वार्थी राजनेता देश को जातीय गृहयुद्ध की आग में झोंकदें, इस मुद्दे को सही दिशा देना जरूरी है। गरीबी वाकई एक कलंक है जो हमारी सारी प्रगतिपर सवालिया निशान लगा देती है। गरीबी हमारी सबसे बड़ी समस्या है, बावजूद इसके राजनीतिक मंचों पर इसके बारे में शायद ही कभी बहस होती है ।

हम गरीब क्यों हैं? हमारा मुल्क विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां दुनिया के ज्यादातर गरीब भी बसते हैं, लिहाजा कोई भी व्यक्ति यही सोचेगा कि यह सवाल ही हर राजनीतिक बहस के केंद्र मे होगा। वह यह भी सोच सकता है कि हम इस तरह के विषयों पर गहन व दिलचस्प बहस-परिचर्चाएं करते होंगे कि गरीबी के कारण क्या हैं, अमीर बनने के लिए एक देश के तौर पर हम क्या कर सकते हैं तथा दुनिया के बाकी हिस्सों में इस दिशा में क्या कारगर कदम उठाए जा रहे हैं । आखिर कार भारत के तकरीबन सवा अरब लोगों की सर्वाधिक उत्कट उम्मीदें व आकांक्षाएं किसी न किसी तरह से अपने अमीर होने से ही तो जुड़ी हुई हैं । लेकिन हमारी राजनीति के बारे मे आश्चर्यजनक बात यह है कि हम राजनीतिक मंच पर शायद ही कभी इन मसलों पर बहस करते है। लेकिन 'हम गरीब क्योंहैं?' इस बेहद अहम सवाल पर कभी कोई जीवंत, ज्ञानवर्धक बहस नहीं होती। इसकी बजाय हमें इस सवालपर एक चिपचिपी, लिसलिसी-सी एक-राय नजर आती है। गरीबी वाकई एक कलंक है जो हमारी सारी प्रगतिपर सवालिया निशान लगा देती है। गरीबी हमारी सबसे बड़ी समस्या है, बावजूद इसके राजनीतिक मंचों पर इसके बारे में शायद ही कभी बहस होती है । हम गरीब क्यों हैं? हमारा मुल्क विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां दुनिया के ज्यादातर गरीब भी बसते हैं, लिहाजा कोई भी व्यक्ति यही सोचेगा कि यह सवाल ही हर राजनीतिक बहस के केंद्र मे होगा। वह यह भी सोच सकता है कि हम इस तरह के विषयों पर गहन व दिलचस्प बहस-परिचर्चाएं करते होंगे कि गरीबी के कारण क्या हैं, अमीर बनने के लिए एक देश के तौर पर हम क्या कर सकते हैं तथा दुनिया के बाकी हिस्सों में इस दिशा में क्या कारगर कदम उठाए जा रहे हैं । आखिर कार भारत के तकरीबन सवा अरब लोगों की सर्वाधिक उत्कट उम्मीदें व आकांक्षाएं किसी न किसी तरह से अपने अमीर होने से ही तो जुड़ी हुई हैं । लेकिन हमारी राजनीति के बारे मे आश्चर्यजनक बात यह है कि हम राजनीतिक मंच पर शायद ही कभी इन मसलों पर बहस करते है। लेकिन 'हम गरीब क्योंहैं?' इस बेहद अहम सवाल (जिस पर हरेक भारतीय का भविष्य निर्भर है) पर कभी कोईजीवंत, ज्ञानवर्धक बहस नहीं होती।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1738 फ्रांस और ऑस्ट्रिया ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किये। 1742 पर्शिया और ब्रिटेन ने फ्रांसीसी सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किया। 1803 वेर्टेयर्स की लड़ाईः जीन-जैक्स डेसलीनों के नेतृत्व में हैती सेना नेपोलियन की सेना को हराया।1812 नेपोलियन के युद्धों-रूस के नेपोलियन के आक्रमण के दौरान, कसीनो की लड़ाई में मार्शल मिशेल ने के नेतृत्व ने उन्हें फ्रांसीसी हार के बावजूद बहादुरों का उपनाम नहीं दिया। 1833 हॉलैंड और बेल्जियम के बीच जोनहोवेन संधि पर हस्ताक्षर हुए। 1865 अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन की कहानी 'द सेलिब्रेटिंग जंपिंग फ्रॉगो कैलावरस काउंटी', एक लेखक के रूप में उनकी पहली महान सफलता थी, जो प्रकाशित हुई। 1872 अमेरिकी प्रत्यय सुसान बी। एंथोनी को दो सप्ताह पहले रोचेस्टर, न्यूयॉर्क में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के लिए गिरफ्तार किया गया था और .100 का जुर्माना लगाया गया था। 1873 आयरिश होम रूल आंदोलनः होम गवर्नमेंट एसोसिएशन स्वयं को होम रूल लीग के रूप में पुनर्गठन किया।

QUIZ TIME

1) वह नदी कौन-सी है जो एक विभ्रंश -घाटी से होकर बहती है?

2) स्कन्द पुराण में गढ़वाल को किस नाम से जाना जाता है?

3) एपीडा ने समुद्र के रास्ते किस देश को केले की पहली परीक्षण खेप के निर्यात की सुविधा प्रदान की?

4) हाल ही में किस देश के लक्जरी ब्रांड ब्रियोनी ने भारतीय बाजार में प्रवेश किया है?

5) सैय्यद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी 2023 का पहली बार खिताब किसने जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) नर्मदा (2) केदारखण्ड (3) नीदरलैंड (4) इटली (5) पंजाब

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:52, सूर्यास्तः 05:31
चन्द्रोदयः 10:40, चन्द्रास्तः 20:43

अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतुः हेमन्त, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : उत्तराषाढ, योग : शूल, प्रथम करण : विष्टि (11:03 तक), द्वितीय करण : बव (22:12 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : धनु, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:40 से 12:23, अमृत काल 20:41 से 22:13, रवियोग 25:17 से 30:44, विजय मुहूर्त 13:48 से 14:30, गोधूलि मुहूर्त 17:20 से 17:47, सायाह्न सन्ध्या 17:20 से 18:40, निशिता मुहूर्त 23:35 से 24:29, राहुकाल 09:00 से 10:30, राहुवास दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड 14:41 से 16:00, होमाहुति बुध, दिशाशूल पश्चिम, अग्निवास पृथ्वी, भद्रावास पाताल (11:03 तक)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपकी आशाओं पर खरा उतरेगा दिनचर्या भी आज व्यवस्थित रहने का फायदा मिलेगा।

वृष : आज दिन आपके लिये प्रतिकूल रहने वाला है सेहत में आज भी कुछ ना कुछ विकार रहने से कार्य करने का मन नही करेगा।

मिथुन : आज का दिन लाभदायक है आज आप जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे परिस्थितियां पहले से ही इसके अनुकूल बनने लगे जाएंगी।

कर्कः आज का दिन आपको आर्थिक समृद्धि प्रदान करेगा लेकिन आज खर्च करते समय सोच विचार अवश्य करें ठगे जाने अथवा अन्य कारणों से हानि हो सकती है।

सिंहः आज के दिन आपका व्यक्तित्त्व निखरा हुआ रहेगा लेकिन स्वभाव में जिद और अहम भी रहने से लोग आपकी बातो का गलत अर्थ ही निकालेंगे।

कन्या : आज के दिन आपको घरेलू एवं सामाजिक क्षेत्र पर प्रतिकूल फल मिलने वाले है।

तुला : आज का दिन आपकी आशा के अनुकूल रहेगा लेकिन आज आप लाभ पाने के लिये गलत हथकंडे अपनाएंगे जिससे सामाजिक क्षेत्र पर आलोचना हो सकती है।

वृश्चिकः आज के दिन आपको घर और कारोबार में तालमेल बैठाने में परेशानी आएगी। दिमाग मे व्यवसाय सम्बंधित उलझने दिन के आरंभ से ही लगी रहेंगी।

धनुः आज के दिन आप अपने मन की ही सुनेंगे और करेंगे। व्यवहारिकता रहेगी फिर भी अपने मे ही मगन रहेंगे किसी का कार्यो में दखल देना आपको भायेगा नही।

मकरः आज के दिन से आपको ज्यादा लाभ की उम्मीद नही रहेगी। दिन के आरम्भ से ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप कार्य करने का उत्साह खत्म करेगा।

कुंभः आज के दिन बीते दिन की अपेक्षा आपका स्वभाव एकदम विपरीत रहेगा।

मीनः आज का दिन कार्य सफलता दायक रहेगा लेकिन आज आपको गलत मार्गदर्शन करने वाले भी मिलेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -246

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

1		2	3	4	■	5		6
	■	7			8	■	■	
9			■	10		11	■	
	■	12			■	13	14	
■	15		■	■	■	16		■
■		■	17	■	■	■	18	19
■	20	21		22	■	23		
24	■		■	25			■	
■	26				■	■	27	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 245 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म	■	■	स
ट	■	भ	ला	ई	■	अ	स	म
ना	म	■	■	स	मा	धि	■	झ
■	ज	■	बे	■	न	का	र	ना
बा	बू	■	आ	य	क	र	■	■
■	र	की	ब	■	■	■	प्र	था
ज	■	■	रू	प	क	■	ज	न
हा	■	पा	■	ना	म	ची	न	■
ज	हां	प	ना	ह	■	ता	न	ना

■ न्यूज गैलरी

अवैध सामग्री के साथ आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पुलिस अधी.महोदय संतोष कुमार सिंह (भा पु से) द्वारा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन चेंकिंग के मद्देनजर वाहन चेकिंग एवं अवैध सामग्री जप्त कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे अति. पुलिस अधि.(शहर) राजेंद्र कुमार जायसवाल एवं पुलिस अधि. कोतवाली पूजा कुमार (भापुसे) के निर्देश में थाना तोरवा द्वारा गुरुनानक चौंक एसएसटी टीम के सहयोग से विशेष अभियान चलाया गया जो मुखबिर की सुचना पर अवैध नगदी रकम 244500 रूपये पाये जाने से पंचनामा तैयार कर अग्रिम वैधानिक कारवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में तोरवा पुलिस टीम गुरुनानक चौंक सस्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गांजा परिवहन की बात कहने पर युवक पर हमला

बिलासपुर। ग्राम किरारी निवासी चंद्रशेखर पिता राम सिंह ठाकुर (34) एग्रीकल्चर कॉलेज में फिटर है। बुधवार शाम घर के सामने बैठा था। इधर उसके घर के सामने जितेंद्र सिंह व अमित सिंह बैठे हुए थे। इसी दौरान विक्की सिंह अपनी बाइक से गुजर रहा था। उसे देख जितेन्द्र बोला कि वह गांजा लेकर जा रहा है। जितेंद्र की बात सुन गुस्साए विक्की ने पास आकर गाली-गलौज करते हुए गाड़ी से धारदार हथियार निकाल कर चंद्रशेखर पर जानलेवा हमला कर दिया। सिर से खून निकलने पर पीड़ित जान बचाकर वहां से भागने लगा। हमला होता देख अशोक, जितेंद्र व अन्य ने बीच-बचाव किया। घायल चंद्रशेखर ने मस्तूरी थाने पहुंच कर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। मस्तूरी पुलिस मामले में मारपीट की धारा के तहत केस दर्ज कर जांच को आगे बढ़ा रही है।

घातक वस्तु लेकर सफर कर रहे 14 गिरफ्तार

बिलासपुर। छठपूजा स्पेशल ट्रेन में आगजनी की घटना के बाद देश भर में ज्वलनशील व विस्फोटक पदार्थ लेकर सफर करने वालों की धरपकड़ रेलवे ने तेज कर दी है। एसईसीआर जोन की आरपीएफ टीम ने 9 प्रकरणों में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर रेलवे की धारा 164 के तहत कार्रवाई की जा रही है। ट्रेनों में आगजनी की लगातार बढ़ती घटनाओं को देखते हुए आरपीएफ ट्रेनों में ज्वलनशील व विस्फोटक सामग्री लेकर परिवहन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। बुधवार को रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने ट्रेनों की सघन जांच के दौरान आजाद हिंद एक्सप्रेस, कविगुरु एक्सप्रेस व हॉफा एक्सप्रेस में विस्फोटक व ज्वलनशील सामग्री लेकर सफर करने लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आरपीएफ की टीम ने धारा 164 के तहत कार्रवाई की।

इच्छा और अभिमान से समाप्त होती है प्रसन्नता : मंजू

बिलासपुर ञ्च पत्रिका. प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में सतगुरु वार का भोग परमात्मा को स्वीकार कराया गया। इस मौके पर मंजू दीदी ने कहा कि प्रसन्न रहना हर मनुष्य के वश मे है। किन्तु ईष्या, इच्छापूर्ति और अहंकार के वश किए गए कर्म के कारण खुशी स्थायी नहीं रहती। मन में उठने वाले क्यो? कैसे? के प्रश्नों के कारण प्रसन्नचित्त के स्थान पर प्रश्नचित बन जाते है। राजयोग के अभ्यास से व्यर्थ के प्रश्न समाप्त हो जाते हैं। परमात्मा से प्राप्त सुख के आगे अन्य सभी सुख गौण हो जाते है। मंजू दीदी ने कहा कि नाम मान शान के लिए की गई सेवा कुछ समय के लिए प्रतिष्ठा अवश्य दिलाती है। पर पुण्य जमा नहीं हो पाता। भाई दूज के उपलक्ष में आत्मस्मृति का तिलक लगाया और भोग वितरण किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों से ज्यादा दिखा उत्साह, कई केन्द्रों में महिलाओं की भीड़ पुरूषों से ज्यादा दिखी

जिले में औसत 65 फीसदी मतदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनावों में मतदान के प्रति मतदाताओं में भारी उत्साह दिखा है। शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं विशेषकर महिलाओं की मतदान केंद्रो में सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कहीं से भी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली।अपरान्ह तीन बजे तक पाय़ विधानसभा क्षेत्रों में औसत 65 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था। अधिकारियों का अनुमान है कि 80- 85 प्रतिशत तक मतदान हो सकता है। हमने शत-प्रतिशत मतदान कराने की कोशिश की है।

बिलासपुर जिले में शाम 5 बजे तक 61.43 प्रतिशत मतदान-

बिलासपुर 17 नवम्बर 2023/निर्वाचन नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक जिले में 61.43 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमें बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में 59.08 प्रतिशत, बिलासपुर में 56.28 प्रतिशत, बिल्हा में 66.39 प्रतिशत, कोटा में 65.69 प्रतिशत, तखतपुर में 61.50 प्रतिशत एवं मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 59.50 प्रतिशत मतदान हुआ है।

प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने शेफर्ड स्कूल में किया मतदान

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बिलासपुर सांसद

अरूण साव ने बिलासपुर विधान सभा के अंतर्गत शेफर्ड स्कूल में सपत्नीक मतदान किया। मतदान करने से पहले श्री साव ने संकट मोचन हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामना करते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के लिए प्रार्थना किया। शहर के नजदीक ग्राम सेमरताल में मतदान दल की बड़ी लापरवाही आई सामने. ईवीएम मशीन खराब. 106 वर्षीय बुजुर्ग महिला को कतार में लगकर करना पडा मतदान

धरमलाल ने किया मतदान

बिल्हा विधानसभा के कद्दावर नेता धरम लाल कौशिक ने अपने

गृह ग्राम परसदा में किया मतदान मतदाताओं की भीड़ को देखते हुए उन्होने कहा कि इस बार हम पूर्ण बहुमत से सत्ता में वापस लौट रहे है।

कलेक्टर एवं एसपी- सीईओ ने किया मतदान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आज सवेरे बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के मिशन उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्थित आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 59 में मतदान किया। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने अपने परिवार के साथ मतदान किया। नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल ने भी इसी केंद्र में मतदान किया। कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सुरक्षा बल के

जवानों के साथ हाथ मिलाकर पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने मतदान केंद्र में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारी को भी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित करते हुए आल द बेस्ट कहा। कलेक्टर एवं एसपी ने मतदान केंद्र में बनाए गए सेल्फी जोन में सेल्फी भी लिया। कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सभी मतदाताओं को जागरूकता के साथ मतदान करने के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

संभागायुक्त कुंजाम ने किया मतदान

संभागायुक्त केडी कुंजाम ने आज सवेरे मिशन स्कूल स्थित आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 59 में मतदान किया। कमिश्नर ने मतदान केंद्र में बनाए गए सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली।

हाईकोर्ट के जस्टिस अग्रवाल ने किया मतदान

हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय के.अग्रवाल ने सपरिवार सीपत रोड साइंस कॉलेज मतदान केन्द्र में मतदान किया। निभाई अपनी जिम्मेदारी लोगों से भी अपील की।

अमर अग्रवाल ने किया परिवार सहित मतदान

बिलासपुर। भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल ने आज अपने परिवार के साथ बूथ पर पहुंचकर मतदान किया।

थर्ड जेंडर ने भी निभाई भागीदारी

जिले में तृतीय लिंग के 91 मतदाता है। तृतीय लिंग के मतदाता भी मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। तृतीय लिंग समुदाय के विजय अरोड़ा, श्रेया श्रीवास,बाला, राजिया और रेहाना ने स्वयं भी मतदान कर सभी से मतदान करने की अपील की है।

नोडल अधिकारी आशीष दुबे ने मतदान किया

बिलासपुर। जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक बिलासपुर के नोडल अधिकारी आशीष दुबे ने मतदान किया और लोगों से अपील की इस चुनाई चिरई में सभी लोग मतदान करे।

सेमरताल में निर्वाचन दल की बड़ी लापरवाही सामने आई

संभागीय मुख्यालय के नजदीकी ग्राम सेमरताल में निर्वाचन दल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां सुबह 8ः00 बजे से लेकर 11 बजे तक मात्र एक ही वोट डाला जा सका था।

संवेदनशील मतदान केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, हथियारबंद जवान रहे तैनात

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार किए गए। राजनैतिक रूप से संवेदनशील मतदान केंद्र में हथियारबंद जवानों की तैनाती की गई है। मतदान केंद्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए थे। इसके अलावा उड़नदस्ता और राजपत्रित अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी।

जिले में सर्वाधिक संवेदनशील मतदान केंद्र मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में है वहीं सबसे कम संवेदनशील बिल्हा विधान सभा में है। बिलासपुर जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा

क्षेत्र में आज मतदान होना है। इसके लिए प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार किए गए। अधिकारी मतदान केंद्रों तक पोलिंग पार्टी पहुंच चुकी है। सुबह से मतदान शुरु होगा। जिन मतदान केंद्रों पर विवाद की स्थित बनने की आशंका है उन्हें संवेदनशील मानकर सुरक्षा की तैयारी की गई थी।

कोर्ट कमिश्नरों ने पूछा- प्राइवेट लैब के बाहर भीड़ क्यों

बिलासपुर। हाई कोर्ट के निर्देश पर नियुक्त कोर्ट कमिश्नरों ने गुरुवार को सिम्स का निरीक्षण किया। सिम्स के अधिकारियों ने उन्हें अब तक जो काम किए गए हैं, उसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने मौके पर जाकर सब कुछ देखा।

हाईकोर्ट ने सिम्स की व्यवस्था सुधारने के लिए 15 दिन का समय दिया था, जो पूरा हो गया है। 16 नवंबर को सुबह 10 बजे कोर्ट कमिश्नर के तीन सदस्यीय टीम सिम्स पहुंची और शाम 4 बजे तक घूम-घूम कर एक-एक वार्ड का निरीक्षण किया। सबसे

पहले कोर्ट से मिले 9 बिंदुओं का काम देखा। टॉयलेट, वार्ड के अंदर की सफाई के अलावा डॉक्टरों के नाम और वार्डों के लिए सूचना पटल को घूम-घूम कर देखा। वहीं सीपेज को लेकर सवाल किए तब डॉक्टरों ने बताया कि निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग और सीजीएमएससी द्वारा कराया जाता है।

इस बूथ में परेशान हुए मतदाता

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण में आज बिलासपुर समेत 70 सीटों में वोटिंग जारी है। लोग पोलिंग बूथ पहुंच कर मतदान कर रहे है। बता दें बिलासपुर जिले में कुल 6 सीटों में 1684 मतदान केंद्र बनाए गए है।बिलासपुर जिले में कुल 1,1573905 मतदाता है। वही बिलासपुर में अब तक 26. प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिल रही है। इसी तरह बिलासपुर के बूथ क्रमांक 46 में काफी धीमी गति से मतदान प्रक्रिया कराने की बात कही जा रही है ,महिला बुजुर्ग काफी देर से लाइन लगाकर मतदान करने के लिए खड़े,मतदान प्रक्रिया धीमी होने से लोगों की लंबी कतारें लग रही है। पर इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे मतदाता काफी परेशान है।

मस्तूरी में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न

बिलासपुर। विधानसभा मस्तूरी में मतदान शांतिपूर्वक जारी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 32 मस्तूरी के सभी मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान किया जा रहा है , सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं में भारी उत्साह का माहौल है, जिला प्रशासन एवं रिटर्निंग ऑफिसर मस्तूरी द्वारा शत् प्रतिशत मतदान के संबंध में जारी अपील का भी असर देखने को मिल रहा है, इसमें क्षेत्रीय कर्मचारियों का भी सहयोग शामिल है। श्री सूर्या पुष्पा न्यूज के द्वारा मतदान केन्द्र क्रमांक 200पाली एवं 201ईटवा का कवरेज किया गया,दोनों स्थानों में अभी लगभग 30त्नमतदान हो चुका है।

यूपी - बिहार की ट्रेनों में वेटिंग 200 पार, स्पेशल में नो-रूम

बिलासपुर। उत्तर प्रदेश व बिहार जाने वाली ट्रेनों में बर्थ को लेकर मारामारी की स्थिति है। ट्रेनों में आलम यह है कि साउथ बिहार व सारनाथ एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची 200 के पार है। वहीं नवतनवा एक्सप्रेस और छठ पूजा स्पेशल ट्रेन में यह हाल है कि प्रतीक्षा सूची में भी आरक्षण नहीं हो रहा है। इसमें नो- रूम दिखा रहा है। इसके चलते यात्रियों को परेशानियां हो रही है। छठ पर्व 19 नवंबर को है।

पर्व की शुरुआत 17 नवंबर से हो जाएगी। इस पर्व को मानने वाले भोजपुरी समाज के लोग बड़ी संख्या में बिलासपुर में रहते हैं। कुछ बिलासपुर में पर्व मनाते हैं। लेकिन,

ऐसे भी समाज के सदस्य हैं, जो इस पर्व के अवसर पर अपने घर उत्तर प्रदेश व बिहार जाते हैं। इनके जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण इन राज्यों में जाने वाली ट्रेनों में बर्थ की स्थिति है। भीड़ का माहौल दीपावली पर्व के एक दिन पहले से दिखने लगा था। अब पर्व को कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। इसलिए समाज के सदस्य बड़ी संख्या में जाने लगे हैं। इन्हीं की भीड़ ट्रेनों में नजर आ रही है। हालांकि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस बार अतिरिक्त कोच लगाने की बजाय दुर्ग से पटना के लिए दो छठ पूजा स्पेशल ट्रेन चलाई है। एक बुधवार को तो दूसरे गुरुवार को रवाना हुई। एक- एक फेरे के लिए चलने वाली दोनों ट्रेनों में भीड़ देखी गई। गुरुवार को चलने वाली ट्रेन की स्थिति यह थी कि इसमें नो रूम था। इसलिए 50 से अधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ ही नहीं मिल सकी। ऐसे यात्रियों ने दूसरी ट्रेन या फिर करेंट बुकिंग में रिर्जेशन कराने के बाद यात्रा की। सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को बिलासपुर से पटना के लिए रवाना होने वाली ट्रेन में बिलासपुर से एक भी ट्रेन रिक्त नहीं है।

उपवास... घाट और नदी की सफाई के बाद अब नदी में लबालब पानी

नहाय- खाय के साथ आज से आरंभ हुआ सूर्य उपासना का महापर्व

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूरे देश में जैसा उत्साह दीपावली को लेकर रहता है वैसा ही उत्साह बिहार में छठ महापर्व को लेकर है। बिलासपुर में भी रहने वाले बिहार के प्रवासी और उत्तर भारतीयो द्वारा उसी उत्साह- उमंग के साथ छठ मनाया जाता है। बिलासपुर में तो छठ मनाने के लिए विश्व का सबसे बड़ा पक्का छठ घाट भी तोरवा में स्थित है। पिछले करीब महीने भर से घाट की साफ सफाई का जो काम आरंभ किया गया था, उसे पूरा कर लिया गया है।

छठ पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार दास ने बताया कि इन दिनों पूरा घाट दूधिया रोशनी से नहा रहा है, तो वही रंग-बिरंगे बिजली के झालरो से

भी तोरवा पुल और घाट की सजावट की गई है। घाट और नदी की सफाई के बाद अब नदी में लबालब पानी भर चुका है, जहां आगामी 19 नवंबर की रविवार की शाम 5ः12 और 20 नवंबर सोमवार की सुबह 6ः21 पर सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाएगा। आस्था और समर्पण के छठ महापर्व पर छठी मैया और प्रत्यक्ष भगवान सूर्य देव की पूजा अर्चना की जाती है। संतान और पूरे परिवार की मंगल कामना के साथ महिलाएं 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखकर यह पूजा अर्चना करती है। छठी मैया सूर्य देव की बहन और भगवान कार्तिकेय की पत्नी है।

छठ पूजा की तिथि और मुहूर्त

इस वर्ष छठ महापर्व का आरंभ 17 नवंबर को नहाय खाय के साथ हुआ । 19 नवंबर को पूरी पवित्रता के साथ महिलाएं खरना के दिन व्रत रखकर प्रसाद बनाएंगी। 19 नवंबर को घाट पर पहुंचकर व्रती पूजा अर्चना करते हुए सूर्य देव को संध्या अर्घ्य देंगे, तो वही 20 नवंबर की सुबह एक बार फिर घाट पर पहुंचकर उदय होते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद निर्जला व्रत का परायण करते हुए व्रत खोला जाएगा ।

अरपा मैया की महाआरती

विगत 12 वर्षों से गंगा मैया की तर्ज पर बिलासपुर में भी अरपा नदी की महिमा से शहर को परिचित कराने और अरपा नदी के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य के साथ महा आरती की जाती है। इस वर्ष भी आज 17 नवंबर संध्या 6ः00 बजे अतिथियों की उपस्थिति में अरपा मैया की महा आरती की जाएगी । इस अवसर पर 11 हजार दीपक नदी में प्रवाहित किए जाएंगे। इससे पहले शाम 4ः00 से मंचीय कार्यक्रम होगा।

पार्किंग और अन्य व्यवस्था पर फोकस

एक अनुमान के अनुसार छठ महापर्व पर बिलासपुर तोरवा स्थित छठ घाट में 50 हजार से अधिक लोग पहुंचते हैं। उनके लिए पार्किंग की व्यवस्था बेहद आवश्यक पहलू है, जिसे ध्यान में रखकर समिति द्वारा 9 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। जिसके लिए अलग-अलग 4 गेट है। छठ घाट के सामने पुलिस चौकी के पीछे, बिलासा उपवन और ट्रांजिट भवन के पास टू व्हीलर और फोर व्हीलर पार्किंग की व्यवस्था होगी। साथ ही पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए समिति के 150 से अधिक वॉलिंटियर्स भी यातायात विभाग, पुलिस, स्काऊट गाइड के साथ सक्रिय रहेंगे।

सात दमकल के जिम्मे 16.28 लाख की आबादी

बिलासपुर। शहर हर दिन बढ़ रहा है और साथ में बढ़ रही है यहां की आबादी। जिले की जनसंख्या भी अब बढ़कर 16 लाख 28 हजार के पार पहुंच चुकी है। इसके बाद भी जिले का दमकल सिस्टम अपडेट नहीं हो सका है। शासन-प्रशासन स्तर पर कोशिशें भी जारी हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा जिले के सात दमकल वाहन और एक अफसर समेत नगर सेना के 41 कर्मचारी कर रहे हैं। जिले की फायर टीम के पास संसाधन तो पर्याप्त हैं लेकिन गाड़ियां और कर्मचारी आज भी पर्याप्त नहीं हैं। नगर सैनिक के पास दमकल की कहने को 10 गाड़ियां और एक बाइक है, लेकिन इनमें से तीन गाड़ियां कंडम हो चुकी हैं और सात गाड़ियों में से दो छोटी और पांच बड़ी हैं। इनसे बिलासपुर की जनता और उनके जान-माल की सुरक्षा की जा रही है।

■ न्यूज गैलरी

भटगांव में 34 वर्ष से हो रही काली पूजा

भटगांव/नवप्रदेश। मानस चौक में काली पूजा उत्सव का आयोजन किया गया है। यह काली पूजा उत्सव पिछले 34 वर्ष से की जा रही है। इस काली पूजा उत्सव में माता काली की मूर्ति स्थापना कर नौ दिनों तक लगातार पूजा अर्चना की जाती है। माँ काली पूजा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है इस काली पूजा उत्सव में नगर तथा आसपास के जसगीत गायकों को निमंत्रण देकर बुलाया जाता है और रात्रि भर जस गीत गायकों के द्वारा माता के जसगीत तथा झांझ मंजीरे एवं मांदर की थाप में पूरा नगर को भक्ति मय वातावरण बना रहता है। मां काली पूजा उत्सव समिति व्दारा जसगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। जहां नगर तथा आसपास क्षेत्र के जसगीत दलों को पुरस्कार वितरण कर प्रोत्साहित किया जाता है। प्रथम पुरस्कार 11001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7101 रुपए ,तृतीय पुरस्कार 5101 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3101 रुपए, पंचम पुरस्कार 2101रुपए, छठवा पुरस्कार 1101रुपए रखा गया है। काली पूजा पंडाल में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ दिखाई दे रही है। 16 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कि गए हैं। इसमें समिति के संरक्षक भुवनेश्वर नवरंग, अध्यक्ष रात्र, उपाध्यक्ष -धरम टंडन, सचिव -किशन टंडन, सहसचिव मुकेश कुरे , कोषाध्यक्ष - गौरीशंकर सोनवानी और संतोष टंडन, रमेश सोनवानी, शालिग्राम टंडन, ,देवेंद्र कुर्रे और महेश हिरवानी आदि हैं।

नहाय खाय के साथ छठ पर्व शुरू

■ रविवार शाम डूबते सूर्य को देंगे अर्घ्य

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सूर्योपासना का महापर्व छठ आज नहाय-खाय रस्म के साथ शुरू हो गया है जो आगामी 4 दिनों तक मनाया जाएगा। कल खरना के साथ छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। रविवार 19 नवंबर को डूबते सूर्य व रविवार को उदयांचल सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पण के साथ पर्व संपन्न होगा। छठ पूजा बिहार, झारखण्ड व पूर्वी उत्तर प्रदेश में काफी प्रचलित है। पर्व को लेकर भोजपुरी व मैथिली समाज में उत्साह देखा जा रहा है। पर्व के लिए डंकनी नदी घाट साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था की तैयारी की जा रही है।

चार दिवसीय सूर्योपासना का पर्व मुख्य रूप से बिहार एवं झारखण्ड में मनाया जाता है।

छठ पर्व के लिए जेसीबी से घाट की सफाई शुरु

कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला छठ एक हिन्दू पर्व है। बिहार व झारखण्ड में तो पखवाड़े भर पहले से ही छठ पूजा की तैयारी शुरू हो जाती है। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा समेत जिले के किरंदुल बचेली व बारसूर क्षेत्र में भी यह पर्व भोजपुरी व मैथिली समाज के लोगों द्वारा पूरे पारंपरिक रीति रिवाजों एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह एक ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयांचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। छठ पूजा मुख्य रूप से चार दिनों का होता है। आज शुक्रवार से पर्व की शुरूआत हो रही है। इसमें पहला दिन शुक्रवार 17 नवंबर चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय के रूप में मनाया जाएगा। छठव्रती महिलाओं द्वारा आज पारंपरिक रूप से अपने घरों की साफ सफाई की जाती हैं। जिसके बाद शाम को नहा धोकर भोजन ग्रहण किया जाएगा। चतुर्थी पर परम्परानुसार देसी घी के साथ कद्दू की सब्जी और अरवा चावल पकाकर खाया जाता है। कार्तिक शुक्ल पंचमी तिथि 18 नवंबर दिन शनिवार को छठव्रती महिलाएं उपवास रखेंगी तथा संध्या में पूजा के बाद खरना रस्म की अदायगी की जाएगी। खरना में व्रती शाम को मिट्टी या पीतल के बर्तन पर चावल और चने की दाल के साथ खीर-पूड़ी बना कर खाती है। खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो जाता है, जो तीसरे दिन सुबह सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होता है। कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि 19 नवंबर दिन रविवार को नगर के डंकनी नदी घाट पर व्रतधारी महिलाएं सामूहिक रूप से डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करेंगी।

कलेक्टर ने किया मतदान

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पीएस एल्मा ने शुक्रवार सवेरे ज़िला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। कलेक्टर सवेरे मतदान पहुंच गये थे। कलेक्टर ने लाईन में लगकर अपनी बारी पर मतदान किया। इसके बाद वोटर सेल्फी जोन जाकर सेल्फी ली। इसके बाद वह जिलें के विभिन्न मतदान केन्द्रों के अवलोकन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले।

जलाराम जयंती समारोह कल

भिलाई/नवप्रदेश। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जलाराम बापा की 224 जयंती धूमधाम के साथ 19 नवम्बर को मनाई जायेगी। जलाराम बापा की जयंती के उपलक्ष मे श्री जलाराम मिष्ठान भंडार स्टेशन रोड दुर्ग से सुबह 9 बजे से शोभायात्रा निकाली जायेगी जो कि विभिन्न मार्गो से होते हुए जलाराम मिष्ठान भण्डार दुर्ग में समाप्त हो उसके पश्चात जलपराम बापा की स्थापना करके पूजा एवं आरती किया जायेगा । प्रातः 12 बजे सुन्दरा कांड का आयोजन किया जायेगा। दोपहर में प्रसादी की व्यवस्था की जायेगी। बापा जयंती मे समाज के सभी गणमान्य नागरिक महिला एवं बच्चे शामिल रहेंगे। 1। बाजे से नवदृष्टि फाउन्डेशन की तरफसे रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है ज्यादा से ज्यारण लोगों से रक्तदान करने की अपील की है।

शैलेष मिश्रा ने धूमा में किया मतदान

पाटन/नवप्रदेश। लोकतंत्र का महापर्व में आज समाज सेवी शैलेष मिश्रा ने आज हिस्सा लिया। उन्होंने विस चुनाव में अपने पैतृक ग्राम धूमा में अपने मताधिकार का उपयोग किया। शैलेष मिश्रा ने अपील किया की सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करे।

पहले मतदाता का तिलक कर किया स्वागत

बालोद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बालोद के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा बालोद मतदान केंद्र क्रमांक 36 में पहली मतदाता के रूप में पेमेश्वरी साहू ने मतदान किया। इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 38 में नवीन युवा मतदाता आर्यन यदु ने मतदान किया तथा सेल्फी पॉइंट में सेल्फी भी ली। मतदान केंद्र में इन दोनों मतदाताओं का तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया।

कलेक्टर ने परिवार सहित किया मतदान

धमतरी/नवप्रदेश। शुक्रवार को निर्वाचन तिहार के दिन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने सहपरिवार रुद्री मतदान केंद्र में पहुंच कर मतदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने लाइन में लगकर लोगों के साथ मतदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मतदान के लिए साथ में लाइन में लगे मतदाताओं के साथ चर्चा करते हुए उनसे व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान देने के बाद सेल्फी जोन में जा कर पत्नी के संग सेल्फी भी खिंचवाई। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारियों से संपर्क कर उनसे जानकारी ली और अच्छे कार्य के लिये उत्साहवर्धन भी किया एवं दिव्यांगों को सहायता प्रदान करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने मतदाताओं के लिए की गई सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।

बुजुर्ग, दिव्यांग और नए मतदाताओं में दिखा उत्साह

धमतरी/नवप्रदेश। लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गों और दिव्यांग मतादाताओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ हिस्सा लेकर मतदान किया। इस अवसर पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतादाताओं को मिलने वाली सुविधाओं को उन्होंने सराहा। इसके अलावा लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर युवा मतदाता काफी उत्साहित हैं। रुद्री स्थित संगवारी मतदान केंद्र में नवीन मतदाता आयुषी चौधरी तथा गुंजीता ध्रुव ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

चोर और चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई/नवप्रदेश। गुरुवार 16 नवंबर को प्रार्थी किशन लाल यादव निवासी वार्ड क्र. 02 पंडरिया गंडई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई की कि 13-14 नवंबर की दरम्यानी रात को उसके घर के सामने गोदाम का ताला टूटा हुआ था। वहां से 8 एमएम का 4 क्विंटल का रिंग एवं छत ढ़ालने का 10 नग स्पांच कीमती 49000 रुपए को कोई अज्ञात चोर ने चुरा लिया है।

पुलिस ने इस रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान

थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में 8एमएम का 4 क्विंटल का रिग एवं छत ढ़ालने का 10 नग स्पांच कीमती 49000 रुपए को चोरी करने वालों की पता तलाशी की गई। इसी दौरान गंडई के एक कबाड़ी दुकान में चोरी का 8 एमएम का रिंग एवं स्पांच मिलने पर कबाड़ी मोहम्मद जावेद से पूछताछ की गई। चोरी का समान किससे खरीदा है। पूछने पर उसके द्वारा (01) विकास जायसवाल पिता फगनू जायसवाल उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्र. 02 पंडरिया गडई अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों ने प्रार्थी के गोदाम से 8एमएम का रिंग एवं स्पांच को चोरी कर कबाड़ी मोहम्मद जावेद साकिन वार्ड क्र. 15 रामपारा गंडई के पास बेचना बताने पर चोरी का समान कबाड़ी दुकान से बरामद कर दो आरोपी (01) विकाश जायसवाल पिता फगनू जायसवाल (20) निवासी वार्ड क्र. 2 पंडरिया गडई एवं चोरी का समान खरीदने वाले कबाड़ी मोहम्मद जावेद पिता नूर मोहम्मद (46) साकिन वार्ड क्र. 15 रामपारा गंडई को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया एवं अपचारी बालक को बाल न्यायालय में पेश किया गया है।

कलेक्टर को चुनाव आयोग का नोटिस, भाजपा कार्यकर्ता को रिहा करने के निर्देश

पलारी/नवप्रदेश। रायपुर कमिश्नर ने कलेक्टर बलौदाबाजार चंदन कुमार को गुरुवार को नोटिस जारी किया है और नोटिस में धारा 151 के तहत गिरफ्तार भाजपा कार्यकर्ता को रिहा करने का निर्देश दिया है। इस आदेश का आशय उपायुक्त, रायपुर संभाग के हस्ताक्षर से जारी हुआ। उक्त आदेश में नोटिस पर तत्काल प्रतिवेदन भी मांगा है।

जारी आदेश में भाजपा निर्वाचन आयोग संपर्क समिति के संयोजक डॉ. विजय शंकर मिश्रा द्वारा गत दिनों भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, रायपुर को की गई शिकायत का उल्लेख है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि कलेक्टर चंदन कुमार ने धारा 151 के तहत प्राप्त शक्तियों और पद का दुरुपयोग किया है, साथ ही भाजपा के प्रचार को रोकने की कोशिश की है।

48 घंटे के भीतर रिहा करने का आदेश

उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि श्री कुमार ने इसके अलावा गिरफ्तारी के समय निर्धारित प्रक्रिया का भी पालन न करते हुए स्पष्ट रूप से प्राप्त शक्तियों एवं पद का दुरूपयोग किया गया है। धारा 151, दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों के तहत किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी की अवधि 24 घंटे से अधिक की नहीं हो सकती है। किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के पूर्व भी विहित प्रक्रिया का पालन करना होता है। बलौदाबाजार कलेक्टर ने यह सबकुछ जानबूझकर किया है,लिहाजा उनके खिलाफ विभागीय जांच की कार्रवाई की मांग की गई थी। जिस पर 48 घंटे के भीतर नोटिस जारी कर भाजपा कार्यकर्ता को रिहा करने का निर्देश दिया गया है।

निर्वाचन आयोग संपर्क समिति के संयोजक डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने की थी शिकायत। उन्होंने अपने शिकायत में उल्लेख किया था कि, कलेक्टर श्री कुमार द्वारा बलौदाबाजार में लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ चुनाव प्रचार को रोकने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने धारा 151, दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की, भाजपा की प्रचार सामग्री जब्त की, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोई संज्ञेय अपराध नहीं किया, बावजूद उनके खिलाफ धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जाना विधि विरूद्ध है, धारा 151, दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्राप्त क्षेत्राधिकार केवल संज्ञेय अपराध की संभावना की स्थिति तक सीमित है।

पारंपरिक हथियारों के साथ पहुंचे वोट डालने

धमतरी/नवप्रदेश। चुनाव हेतु 56-सिहावा विधानसभा के जनपद पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बिलभदर के मतदान केन्द्र क्रमांक 143 को विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग हेतु ट्राइबल मतदान केन्द्र का निर्माण किया गया है। जिसमें कुल मतदाता की संख्या 1039, कमार मतदाता की संख्या 37 हैं। यह मतदान केन्द्र चुनई तिहार के आधार पर तैयार करते हुए कमार जनजाति हेतु झोपड़ी नुमा सेल्फी जोन बनाया गया है। कमार जनजाति के लोग पारंपरिक हथियार और औजारों तीर-धनुष, अनाज रखने हेतु टुकनी, सूपा लेकर मतदान करने पहुंचे थे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए ट्रायसाईकल की व्यवस्था की गई है। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग हेतु निर्मित मतदान केन्द्रों में कमार मतदाताओं में भारी उत्साह देखी। इन मतदान केन्द्र में पहुंच कर कमार जनजाति के लोगों ने सफलता एवं सरलतापूर्वक मतदान की और सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली।

विधानसभा निर्वाचन सिहावा - 56 का पोलिंग बूथ क्रमांक- 143, माध्यमिक शाला भवन ग्राम बिलभदर विकासखण्ड नगरी को ÷आदर्श बूथ÷ के रूप में चिन्हित किया गया है। इस बूथ में सभी मतदान कर्मी आदिवासी, पिछड़ी जनजाति (कमार) महिला/पुरूष मतदाता कर्मी है तथा उनके द्वारा मतदान प्रक्रिया का निर्वहन किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में शत-प्रतिशत ÷विशेष पिछड़ी जनजाति कमार मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस बूथ को आदिवासी विकास विभाग द्वारा आदर्श मतदान केन्द्र÷ के रूप में सुसज्जित किया गया है।

मुंबई से पहुंचे मतदान करने

भिलाईनगर/नवप्रदेश। पुणे महाराष्ट्र में मल्टीनेशनल कंपनी में सेवाएं देने वाले सेक्टर 1 सड़क , 2 क्वार्टर नंबर 18 बी निवासी युवा दंपति ने शुक्रवार को पहली बार अपने वोट का प्रयोग किया। कुंवर अश्वनी सिंह उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रत्युषा सिंह मतदान करने के लिए बोइंग से पुणे से रायपुर आए और इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर 1 के बूथ क्रमांक 88 में शाम 5 बजे मतदान किया। सिंह दंपति पहले सुबह की बोइंग से पुणे से रायपुर आने वाले थे। 16 तारीख की शाम अचानक इंडिगो कंपनी की बोईंग रि शेड्यूल हो गई और सुबह आने के बजाय बोइंग 3.30 बजे करीब रायपुर एयरपोर्ट आई। जहां से वे लोग अपने घर जाने के बजाय पहले मतदान केंद्र गए और अपने मतों का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। कुंवर अश्वनी सिंह इसके पूर्व एक बार मतदान में हिस्सा ले चुके हैं लेकिन श्रीमती सिंह का पहली बार मतदान करने का मौका था। मतदान करने के उपरांत श्रीमती प्रत्युषा सिंह का कहना है कि उन्होंने पहली बार मतदान में हिस्सा लिया है उन्हें इसका अच्छा अनुभव मिला मतदान कैसे करना है इसका भी उन्होंने लुफ्त उठाया उनका कहना है कि हर वोटर को अपने वोट का उपयोग करना चाहिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

विधानसभा प्रतिशत	
प्रेमनगर	68.05
रायगढ़ 65.60	
रायपुर सिटी नार्थ	54.50
रायपुर सिटी साउथ52.11	
रायपुर सिटी वेस्ट	54.68
रायपुर ग्रामीण	53.80
राजिम 71.23	
रामानुजगंज	65.50
रामपुर 70.34	
साजा 72.62	
सक्ति 68.90	
सामरी 70.40	
संजारी बालोद	79.63
सराईपाली	71.12
सारंगढ़61.62	
सिहावा78.20	
सीतापुर	68.40
तखतपुर	61.50
वैशाली नगर	53

चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी हरीश खंडेलवाल पिता स्व. कन्हैया लाल खंडेलवाल उम्र उम्र 51 साकिन गंज लाईन तिरंगा चौक, राजनांदगांव, थाना कोतवाली द्वारा लिखित आवेदन पेश रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 6 नवंबर के शाम करीब 5.05 बजे बिजली बिल पटाने व घरेलु समान लेने बाजार गया था। करीबन 6.12 बजे वापस आकर अपने गंज लाईन तिरंगा चौक स्थित दुकान अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखी नगदी रकम 4,90,000 रूपये नहीं था। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 849/23 धारा 379 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी एवं चोरी गया नगदी रकम के पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर प्रार्थी के दुकान के आसपास तथा शहर में लगे करीब 100-150 सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया। दोनों व्यक्तियों को मोहम्मद जुनैद कोहका भिलाई एवं नीरज रंगारी, वैशाली नगर, भिलाई निवासी होना पता चलने पर उनके सकुनत में पता किया गया जो दोनों को दिल्ली जाने की जानकारी मिली, इनके पतासाजी हेतु दोनों के निवास स्थान के आसपास मुखबीर तैनात किया गया जो 17 नवंबर 2023 को मुखबीर की सूचना पर दोनों संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़े। नाम पता पूछने पर मोहम्मद जुनैद पिता मो. इमरान, उम्र 18 साल 2 माह, निवासी भिलाई कोहका, इंदु आईटी स्कूल के सामने दुर्ग एवं नीरज रंगारी पिता शंकर रंगारी, उम्र 19 वर्ष साकिन केम्प 1 रोड़ नंबर 18 संग्राम चौक, हनुमान मंदिर, तीन दर्शन मंदिर के पास, वैशाली नगर, भिलाई, जिला दुर्ग को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकर किये।

आईडी ब्लास्ट के बाद भी बेखौफ मतदान

नगरी/नवप्रदेश। मतदान के एक दिन पहले नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर लोगों को मतदान से दूर रहने की चेतावनी दीथी। परंतु लोगों ने नक्सलियों की धमकी के बावजूद बेखौफ मतदान किया। गौरतलब है कि धमतरी जिले के अंतिम छोर में चुनाव के बहिष्कार को लेकर के पहले दिन गांव खल्लारी ऊजरावान रिरसगांव मादागिरी के रोड पर मतदान पेटी ले जाते समय हुए कुछ दूरी पर नक्सलियों ने सीआरपीएफ की टीम पर हमला किया। जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर निशाना बनाया था। बताया जा रहा है कि दो जवान बाइक पर निकले थे। इस दौरान वहां आईईडी ब्लास्ट हुआ. इस हमले में दोनों जवान बाल-बाल बच गए। आईईडी ब्लास्ट की पुष्टि बड़े अफसरों ने की है अफसर मुताबिक नक्सलियों ने धमतरी के सिहावा विधानसभा क्षेत्र में दो अलग-अलग जगह पर कम तीव्रता का बम ब्लास्ट कर क्षेत्र में चुनाव बहिष्कार की भी धमकी दी है। बताया जाता है नक्सलियों ने पहले भी इस तरह की धमकी क्षेत्र में दी थी। हालांकि चुनाव आयोग ने क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा बलोंको तैनात किया है। इसके चलते कई किलोमीटर तक मतदान पेटी लेकर मतदान दल के प्रभारी द्वारा मतदान केंद्र तक पेटी को सुरक्षित पहुंचाया गया। शुक्रवार 17 नवंबर को सुबह 8 बजे से मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया। मतदान करने के लिए लंबी लाइन लगी थी। संगवारी मतदान केंद्र शा श्रृंगी ऋषि एक्सीलेड इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी में वन विभाग द्वारा सेल्फी प्वाइंट आत्मानंद इंग्लिश स्कूल नगरी सेल्फी जोन कृषि उपज मंडी नगरी सेल्फी जॉन हाई सेकेंडरी कन्या शला नगरी में ग्राम पंचायत देवपुर जिस जगह पर सेल्फी जोन बनाया गया जहां नये मतदाओ लोग उत्सुकता से सेल्फी ले रहे हैं दिखाई दे रहा है साथ बुजुर्ग महिला पुरुष को एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा व स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं द्वारा सहयोग से मतदान केंद्र तक पहुंचा रहे हैं साथ नगर पंचायत के सफाई महिलाओं के द्वारा भी सहयोग प्रदान मतदान दिलवा मे जिसमे 98 साल के सुगंधी बाई नगरी के वार्ड नं वार्ड नंबर 9 निवासी जिनके आंखों से नहीं दिखता मगर मतदान करने की उत्सुकता उनको रोक नहीं पाई और मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पहुंचे। सिहावा विधानसभा के ग्राम संकारा पोलिंग बूथ क्रमांक 173 में 12 बजे करीब 40 फीसदी मतदान महिलाओं की भीड सिहावा विधानसभा के 182 मतदान केंद्र रानी गांव में 70फीसदी मतदान 12.30 बजे तक सिहावा विधानसभा के 232 ,233 घटुला मतदान केंद्र में अच्छी भीड़ रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

डॉ. महन्त ने परिवार सहित की वोटिंग

सक्ती। छत्तीसगढ़ में द्वितीय चरण में हो रहे 70 विधानसभा सीटों पर मतदान प्रक्रिया सुबह 8ः00 बजे से जारी है द्य छत्तीसगढ़ के द्वितीय चरणों में हो रहे मतदान मे 958 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो जाएगी जिसका फैसला आगामी 3 दिसंबर को होगा। शक्ति जिले के सभी मतदान केंद्रो में मतदान प्रक्रिया जारी है ,मतदाताओं में भारी उत्साह देख जा रहा है ,विधानसभा शक्ति के कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर चरण दास महन्त ने अपने गृह ग्राम सारागांव में अपने परिजनों के साथ उत्साह के साथ मतदान किया । इस अवसर पर उनकी पत्नी कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पुत्र सूरज महंत, भाई राजेश महंत ने मतदान किया। मतदान के पूर्व डॉक्टर चरण दास महन्त अपने पिता बिसाहूदास महंत की प्रतिमा को नमन किया। महंत ने मतदाताओं से अपील भी की अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करें।

कलेक्टर ने किया छठ घाट निरीक्षण, दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा हेतु कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय अम्बिकापुर स्थित शंकरघाट स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री कुंदन ने सम्बन्धित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बिजली आपूर्ति सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने घाट में साफ-सफाई, स्वच्छता की व्यवस्था का बारीकी से मुआयना कर बेहतर व्यवस्था करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इस हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी यहां मौजूद रहे। छठ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि नगर की लगभग 15 हजार से अधिक के श्रद्धालु प्रतिवर्ष यहां पूजा करने आते हैं,इस वर्ष भी इसी प्रकार बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचने की संभावना है। इस दौरान नगर पालिका निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, सीएसपी श्री स्मृतिक राजनाला , एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल सहित सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

रायगढ़। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को ग्राम सम्बलपुरी से गांव के कोसाबाडी पीछे जंगल के पगडंडी में एक महिला का शव पड़े होने की सूचना मिला । तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना देते हुए अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे । जहां गांव की शारदा खडिया पति कीर्तन खडिया उम्र 35 वर्ष का शव रक्तरंजित अवस्था में पड़ा मिला । मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शारदा और उसके पति कीर्तन खडिया के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हो रहा था, झगडा बढा तो कीर्तन खडिया अपने पास रखे लोहे के फावडा से शारदा खडिया के सिर में मारकर उसकी हत्या कर भाग गया है । चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मौके पर शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजी । घटना के संबंध में रिपोर्ट करता निराकार रठिया के रिपोर्ट पर आरोपी कीर्तन खडिया पर हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में लिया गया । आरोपी कीर्तन खडिया के संबंध में जानकारी मिली कि वह चोरी के मामले में जेल में था, करीब दो माह पहले बाहर आया है ।

छुटपुट घटनाओं को छोडकर मतदान रहा शांतिपूर्ण

गांवों में दिखा मतदान का विशेष उत्साह

मुंगेली/नवप्रदेश। विधानसभा के लिए पूरे जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच छुटमुट धटनाओ को छोडकर मतदान शांतिपूर्ण सफल हो गया। विधानसभा चुनाव में 08से 10 मतदान केंद्रों में वोटिंग मशीन में परेशानी आ गई जिसे त्वरित रूप से बदला गया फिर मतदान शुरू कराया गया। जबकि शहर के 02 बूथ में मशीन बार-बार परेशानी आने से अन्य मशीन से मतदान शुरू किया गया जहां आधे घंटे से दो घंटे बाद मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। मशीन के बार-बार बिगड़ जाने एवं मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या अधिक होने से देर तक मतदान चलते रहा। चुनाव को लेकर कई वार्डो के मतदान केंद्रों में सेल्फी जोन नही होने के कारण मतदाताओं में नाराजगी देखी गई, इस बार के मतदान ने सूरक्षा कर्मियों के चलते विवाद की स्थिति निर्मित होते रही नगर पालिका बाल मंदिर सहित कई स्थानों पर सुरक्षा कर्मियों के असयिमित व्यवार के चलते मतदाताओं में नाराजगी देखी गई।

मतदान को लेकर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में लोगों में भारी उत्साह दिखा। मिली जानकारी के अनुसार पहले दो घंटे में विधानसभा में 21 फीसदी मतदान पूर्ण कर लिया गया। मतदान के दौरान प्रमुख प्रत्याशियों ने भी अपना मतदान संबंधित केंद्रों में किया। संगवारी और आदर्श बूथ ने बढ़ाया उत्साह। मतदान जागरूकता अभियान के तहत शहर में महिला मतदाताओं के लिए अलग से बनाए गए संगवारी मतदान केंद्र क्रमांक 103 में महिला मतदाताओं के लिए आकर्षक साजसज्जा ने मतदाताओं का उत्साह बढ़ाया। यहां 703 महिला मतदाताओं में 502 लोगों ने मतदान किया। इस मतदान केंद्र से लगे पुरूषों के मतदान केंद्र में भी आने वाले सभी मतदाताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं यहां दिव्यांगों, बुजुर्गो के लिए दिव्यांग रथ के साथ ट्राइसिकल की व्यवस्था भी की गई थी। लोरमी में मतदान में 69 प्रतिशत, बिल्हा 74 प्रतिशत, मुंगेली 67 प्रतिशत रहा। जिले में कुल मतदान 70 प्रतिशत रहा। नगर में ठक्करबापा वार्ड एवं कई वार्ड व गांव में बार-बार मशीन खराब हो जाने से मतदान देर से कराया गया एव आधे से एक घंटे प्रभावित रहा।

संगवारी मतदान केन्द्र- विधानसभा चुनाव के तहत मुंगेली एवं लोरमी विधानसभा अंतर्गत 10-10संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए, जिसमें पीठासीन से लेकर मतदान अधिकारी-कर्मचारी सभी महिलाएं रही। मुंगेली विधानसभा में नगर पालिका हाईस्कूल, कला केन्द्र, प्राथमिक शाला भवन मुंगेली, बीआरसाव स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दाउपारा, आगर उच्चतर माध्यमिक शाला दाउपारा तथा प्राथमिक शाला भवन करही में संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया था। इसी प्रकार लोरमी विधानसभा में प्राथमिक शाला भवन बुधवारा, प्राथमिक शाला भवन नवागांव वेंकट, प्राथमिक शाला भवन रानीगांव लोरमी, मिडिल स्कूल भवन सारधा, प्राथमिक शाला भवन लोरमी दक्षिण भाग, प्राथमिक शाला भवन झाफल, प्राथमिक शाला भवन डिण्डोल, मिडिल स्कूल भवन मजगांव लोरमी, कन्या प्राथमिक शाला भवन बाजारपारा लोरमी तथा प्राथमिक शाला भवन विचारपुर में संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया।

नए मतदाओं में उत्साह



नए मतदाताओं का उत्साह भी देखते ही बन रहा था नए मतदाताओं में प्रमुख रूप से शशांक तिवारी ने अपना पहला मतदान करते हुए बताया कि वे पहली बार अपने मत का प्रयोग कर गौरानवित कर रहे हैं वे कुशल प्रशासक के साथ साथ बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने वाले प्रतिनिधि को चुनना पसंद करते है।
ईशा छाबड़ा ने बताया कि वो अपना पहला मतदान करके आनंदित महसूस कर रही हैं वो ऐसा जन नेता चुनना चाहती हैं जो शहर सहित प्रदेश की बुनियादी सुविधाओं के साथ साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दे।
मोहन तंबोली ने अपने पहले मतदान को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते

हुए क्षेत्र के विकास वाले जननेता को प्राथमिकता देने की बात कही। झरना तंबोली ने बताया कि लोकतंत्र की इस आहुति में अपना योगदान देकर एक ऐसे नेता का चुनाव करना चाहती हैं जो क्षेत्र के विकास के साथ साथ मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान रखे।
दीपांजलि नामदेव ने बताया कि अपना पहला मत देने के बाद उन्हें अच्छा महजूद हो रहा हैं वो ऐसे नेता को चुनना चाहती हैं जो भ्रष्ट ना हो और प्रदेश का सुधार कर सके।
एमबीबीएस की छात्रा अंशिता गौराहा अपने मतो का प्रयोग करते हुए

कहा कि हम एक ऐसे जननेता का चुनाव करें जो योग्य हो और जो देश के हित में सुव्यवस्थित कार्य करे शिक्षा पर विशेष ध्यान दे।
रागनी नामदेव ने बताया कि वो अपना मत का प्रयोग पहली बार कर रही है वे ऐसा प्रतिनिधि चाहती हैं जो साफछवि का हो एवम् शहर और प्रदेश का नाम बढ़ाए साथ ही विशेष कर शिक्षा में सुधार लाए शिक्षा में सुधार लाने से जल्द ही प्रदेश प्रगतिशील होगा।

मतदान करने गए व्यक्ति की हाथी के हमले से मौत

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिला अंतर्गत आने वाले कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर के खड़गवां रेंज के ग्राम मंगोरा में हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक का नाम उमेन्द्र सिंह पिता स्व अमर सिंह 30 वर्ष है, जो कि मतदान करने नजदीक के मतदान केंद्र में गया था जहा कतार लंबी होने से नदी के किनारे एक हाथी के आने की जानकारी मिलने पे उस की तरफ जा रहा था। इसी दौरान उसका सामना हाथी से हो गया, जिसने उसे कुचल दिया और इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। मृतक कुछ समझ पाता तब तक समूह से बिछड़े एक हाथी ने उसे कुचल दिया जिससे उसका दर्दनाक अंत हो गया।

हाथियों का दल मचा रहा तांडव

दरअसल, कोरिया वन मंडल के खड़गवां रेंज में पिछले कुछ दिनों से एक हाथी दल से बिछड़ कर विचरण कर रहा है। लगातार हाथी गांव के आसपास वितरण करते साल में कई बार नजर आ ही जाते हैं जिससे उनको खतरा बना हुआ है। ग्रामीण चाहते हैं कि वन विभाग साथियों को रेस्क्यू कर इस क्षेत्र से दूसरी ओर खदेड़ा जाए ताकि वह राहत की सांस ले सके। वहीं ग्रामीण की हाथी के हमले से मौत के बाद रेंजर व वन मंडल अधिकारी वन अमले के साथ मौके पर पहुंचे। परिवार के परिजनों को मुआवजा राशि 25 हजार देने के साथ ही गांव के आसपास जंगल ना जाने के लिए मुनादी कराई ताकि कोई हाथी का शिकार ना हो सके।

वोट डालकर किसान खेतों की ओर

मुंगेली। दीपावली पर्व की समाप्ति के बाद अब धान की फसल कटाई में तेजी आ गयी है। फसल कटाई के लिए मजदूरों का टोटा बना हुआ है। ग्रामीण खेती में परंपरागत साधनो के अलावा आधुनिक कृषि यंत्रों का भी प्रयोग कर रहे है। समय के साथ अधिकांश किसान परम्परागत साधनो के अलावा अधुनिक कृषि मशीनरी का प्रयोग कर रहे है।

ग्रामीण क्षेत्रो में भी मजदूरो की कमी बनी हुई है। खोजने से भी एक मजदूर नहीं मिल पा रहे है। साधन संपन्न किसान मजदूर नही मिलने से हार्वेस्टर और थ्रेसर से भी काम ले रहे है। जिनके खेत गीले है वे हाथ से कटाई करवा रहे है। कई किसान ठेका दे रहे है जहां तक मशीन जा रहा है सीधे हार्वेस्टर से काम रहे है। इससे बीड़ा बांधने से लेकर ढुलाई और मिंजाई तक का काम में सहुलियत हो रही है। धान कटाई के चलते गांव में सन्नाटा बना रहता है। किसान खेत-खलिहानो में नजर आ रहे है। धान कटाई के पश्चात पूरी बनाकर बैल गाड़ी से कोटार में पहुँचा रहे है। लेट वैरायटी के फसल में अभी भी बीमारी का खतरा बरकरार है। अंचल के किसान जो फसल हाथ में आ रहे है उसी को गनिमत मान रहे है।

पिछली बार 81 प्रतिशत मतदाताओं ने किया था मतदान

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन क्रमांक 03 में वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव में 81.22 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।

विदित हो कि वर्ष 2018 में बैकुंठपुर विधानसभा में पुरुष मतदाताओं की संख्या 80 हजार 559, महिला मतदाताओं की संख्या 79 हजार दो, थर्ड जेंडर तीन, सर्विसेस 92 इस तरह 1 लाख 59 हजार 656 मतदाता थे। जबकि 20 नवम्बर 2018 को हुए विधानसभा चुनाव में 65 हजार 349 पुरुष मतदाता, 63 हजार 347 महिला मतदाता और पोस्टल बैलेट से 975 मतदाताओं ने मतदान किया था, किंतु 848 मतदाताओं का मतदान सही पाया गया था। ईवीएम से 1 लाख 28 हजार 696 मतदाताओं ने मतदान किया था, जिसमें से 1

लाख 26 हजार 71 मतदाताओं का मत सही पाया गया था। इसी तरह 2 हजार 625 मतदाताओं ने ईवीएम और पोस्टल बैलेट में 127 मतदाताओं ने नोटा का चयन किया था। बैकुंठपुर विधानसभा चुनाव वर्ष 2018 में कुल 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें से एक का फार्म निरस्त हुआ था और एक ने नाम वापस लिया था। इस तरह 10 उम्मीदवार चुनाव में थे, जिसमें 8 प्रत्याशियों का जमानत जब्त हुआ था।

17 नवम्बर 2023 को होने वाले विधानसभा निर्वाचन बैकुंठपुर में पुरुष मतदाता 84 हजार 47, महिला मतदाता 84 हजार 29 और थर्ड जेंडर की मतदाता 5 मतदान करेंगे। इसी तरह सोनहत में 18 हजार 159 पुरुष मतदाता और 18 हजार 215 महिला व एक थर्ड जेंडर मतदाता मतदान करेंगे। जानकारी के मुताबिक 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाता, दिव्यांग मतदाता और स्थानांतरित शासकीय कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है, जिसकी संख्या करीब एक हजार है।

एसपी ने लिया मतदान केंद्रों की सुरक्षा का जायजा

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मतदान दिवस पर आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती के मतदान केंद्र क्रमांक 183 भुरसीडीह में अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि आज हम लोकतंत्र का उत्सव मना रहे है, मैनें तो वोट डाल दिया, आप भी अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्र भुरसीडीह में अपने मताधिकार का उपयोग करने और पुलिस

अधीक्षक श्री एम आर आहिरे द्वारा मतदान केंद्र क्रमांक 165, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ति में मतदान करने के पश्चात मतदान केन्द्र क्रमांक 184, 185, 186, 187 शासकीय प्राथमिक स्कूल सकरेली ब, मतदान केन्द्र क्रमांक 116, 117 शासकीय प्राथमिक स्कूल किरारी ब, मतदान केन्द्र क्रमांक 155, 156 जवाहर लाल नेहरु अर्धशास्कीय महाविद्यालय सक्ती, मतदान केन्द्र क्रमांक 174 पोरथा-3 अटल समरसता भवन सह कौशल प्रशिक्षण केन्द्र, आदर्श संगवारी मतदान केन्द्र क्रमांक 172, 173, 175 पोरथा शासकीय पूर्व माध्यमिक व शासकीय उच्च. माध्यमिक स्कूल पोरथा का निरीक्षण कर मतदाता सुवधिाओं और मतदान संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होने मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं को प्रेरित करते हुए सेल्फी जोन में फोटो भी खिंचवाया।

चुनाव-2023 सरगुजा जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों से ज्यादा मतदान

अम्बिकापुर। सरगुजा जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में 61.50 प्रतिशत वोटिंग हुई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में 53.05 प्रतिशत वोटिंग और विधानसभा क्षेत्र 11 सीतापुर में 58.48 प्रतिशत वोटिंग हुई है। । शाम 5ः00 बजे तक मतदान केंद्र में उपस्थिति दर्ज कराने वाले सभी मतदाताओं ने वोट डाला।

मतदान दिवस पर सुबह वास्तविक मतदान शुरू होने से पूर्व मॉक पोल किया गया। मॉक पोल के दौरान मशीनों में समस्या पाए जाने पर लुण्ड्रा विधानसभा में 01 बीयू, 02 सीयू और 08 वीवीपैट को बदला गया।

अम्बिकापुर विधानसभा में 01 बीयू, 01 सीयू और 01 वीवीपैट तथा विधानसभा सीतापुर में 01 बीयू, 01 सीयू और 04 वीवीपैट बदले गए हैं। वहीं वास्तविक मतदान के दौरान तीन बजे की स्थिति में लुण्ड्रा विधानसभा में सीयू 02, बीयू 02, वीवीपैट 09, अम्बिकापुर विधानसभा में सीयू 02, बीयू 02, वीवीपैट 10 और सीतापुर विधानसभा में वीवीपैट 03 बदले गए हैं।मतदान हेतु आम नागरिकों ने सुबह से कतारें लगाना शुरू कर दीं। बुजुर्ग, महिला और युवा मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपना कर्तव्य निभाते हुए मतदान किया। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान कर अपनी सहभागिता निभाई। सरगुजा सम्भाग आयुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने मतदान केंद्र जिला उद्योग केंद्र अम्बिकापुर में तथा आईजी श्री अंकित गर्ग ने सपत्नीक मतदान केंद्र प्राथमिक शाला पुलिसलाइन में मतदान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार अपनी धर्मपत्नी श्रीमती पारुल माथुर के साथ मल्टीपरपज स्कूल के मतदान केंद्र क्रमांक 73 में मतदान किया। पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने जिला उद्योग केंद्र अम्बिकापुर में मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन ने पहली दफा वोट डालने वाले युवाओं को बधाई देते हुए उनके साथ तस्वीर भी खिंचाई।

लोकतंत्र को मजबूत बनाने कोरबा के मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

कोरबा। कोरबा जिले में आज संपन्न हुये विधानसभा चुनाव के मतदान में मतदाताओं में उत्साह देखा गया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदाता सुबह से कतारबद्ध होकर मतदान हेतु अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिये। चुनाव आयोग द्वारा स्वीप कार्यक्रम सहित अन्य माध्यम से किये गये प्रचार प्रसार एवं मतदाताओं को वोट डालने दी गई सुविधाओं की वजह से मतदान करने लोगों का उत्साह बना रहा। निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक मतदान की प्रक्रिया का जायजा लेते रहे वहीं कलेक्टर श्री सौरभ कुमार, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, सहित सभी जोनल अधिकारी मतदान केंद्रों का भ्रमण करते रहे। कोरबा जिले में मतदान

शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

कोरबा जिले में मतदान करने लोगों में अभूतपूर्व उत्साह नजर आया। युवा मतदाता, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं सहित विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जनजाति के मतदाताओं ने भी मतदान किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा के मतदान केंद्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपालपुर में वृद्धजन श्री रामनाथ वर्मा ने मतदान कर एक आदर्श मतदाता होने का परिचय दिया। मतदान केंद्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपालपुर में 93 वर्षीय श्रीमती भरोस कुंवर, 78 वर्षीय तीज कुंवर, 68 वर्षीय चरण कुँवर सहित अन्य वरिष्ठजनों ने मतदान कर जागरूक नागरिक होने का दायित्व निभाया। पाली तानाखार विधानसभा क्रमांक 23 के मतदान केंद्र प्राथमिक शाला गुड़रुमुड़ा में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर वर्ग के मतदाताओं ने मतदान कर लोकतंत्र के निर्माण में अपना योगदान दिया।

नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

सीएम बोले- लड़ाई एकतरफा, कोई प्रतिस्पर्धा नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। पाटन के कुरूदडीह के प्राइमरी स्कूल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिवार के तमाम सदस्यों के साथ मतदान किया। मतदान के बाद भूपेश बघेल ने

जीत का दावा करते हुए कहा कि अबकी बार 75 पार। अपना वोट डालने से पहले छत्तीसगढ़ के सीएम और दुर्ग विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल ने कहा कि हम 75 से ज्यादा सीटें जीतने जा रहे हैं। यहां लड़ाई एकतरफा है कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। आगे सीएम बघेल ने यह भी कहा कि हमने किसानों के लिए, महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, मज़दूरों के लिए जो गारंटी दी है उस गारंटी का नतीजा है कि बूथों में लोग बढ़-चढ़कर आ रहे हैं।

2 हफ्ते बाद न राजपाट बचेगा और न संगठन: रमन सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा कि, सुना है ढाई-ढाई साल वाले दोनों मुंगेरीलाल मुख्यमंत्री पद के सपने देख रहे हैं। अरे भाई! यह तय करो कि दोनों में हार की जिम्मेदारी कौन लेने वाला है? क्योंकि 2 हफ्ते बाद न राजपाट बचेगा और न संगठन। अब छत्तीसगढ़ ने सिर्फ बदलने का ही नहीं बल्कि कुशासन को बुरी तरह पटखनी देने का भी मन बना लिया है।

मतदान के बाद महंत ने किया जीत का दावा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सक्ती से कांग्रेस प्रत्याशी डा. चरण दास महंत ने अपनी पत्नी और सांसद ज्योत्सना महंत के साथ सारागांव स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर संभाग में कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र का नहीं जादू चलेगा।

राजेश मूणत का दावा मिलेगा पूर्ण बहुमत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पश्चिम के भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत ने अपने परिवार के साथ वोट डाला। भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत सपरिवार मतदान करने पहुंचे। मूणत ने मायाराम सुरजन उत्कृष्ट पूर्व माध्यमिक विद्यालय मतदान केंद्र चौबे कालोनी में माता, पत्नी, पुत्र-पुत्री और बहू के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का दावा किया।

छत्तीसगढ़ में फिर बनेगी भरोसे की सरकार : ताम्रध्वज

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण के 70 सीटों पर मतदान जारी है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू अपने

गृहग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यामिक स्कूल ग्राम पंचायत पाऊवारा में सुबह 8 बजे बूथ क्रमांक 206 में अपना मतदान किया। ताम्रध्वज साहू ने सबसे अपील कि है मतदान अवश्य करें और अपना आशीर्वाद प्रदान करें। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों, महिलाओं और आम जनता के लिए कांग्रेस हमेशा खड़ी रही है। कांग्रेस ने जो वादा किया था उसे निभाया। और इस बार भी जो आपसे वादा किया है कि उन्हें निश्चित ही पूरा करेंगे। इसलिए आप सभी लोग मतदान अवश्य करें और पूर्ण बहुमत से छत्तीसगढ़ में भरोसे की सरकार पुनः बनाये।

लोग उस पार्टी को वोट करेंगे जो उनकी भलाई करेगा : सिंहदेव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने वोट डाला।

मतदान के बाद उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, लोग उस पार्टी को वोट करेंगे जिससे उनको लगेगा कि वे उनकी भलाई के लिए काम करेगी। लोग ऑपरेशन लोटस के बारे में पूछ रहे हैं। ईडी का राजनीति के लिए ग़लत इस्तेमाल किया जा रहा है। ईडी ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है।

कांग्रेस सरकार ने भरोसा कमाया: स्मिता बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बेटी स्मिता बघेल ने कहा, लोग काफी उत्साहित हैं और सरकार के काम से खुश हैं और इसीलिए मैं बहुत आश्वस्त हूं। आज छत्तीसगढ़ में किसान खुशहाल हैं, उन्हें धान का अच्छा दाम मिल रहा है। कांग्रेस सरकार ने भरोसा कमाया है। उन्होंने जो वादा किया है वो पूरा किया है।

चार पीढ़ी के 25 सदस्यों ने किया साथ मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। छग विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में वोटिंग को लेकर वोटरों में खासा उत्साह दिखा। इसका एक उदाहरण रायपुर में देखने को मिला। रायपुर की इंद्रावती कालोनी निवासी गोधा परिवार ने मतदान उत्सव मनाते हुए परिवार के 4 पीढ़ी के 25 सदस्यों एक साथ मतदान करने पहुंचे। विजय जैन, अतुल जैन, मनीष जैन, राकेश जैन, अनंत जैन सहित अन्य परिवार के सदस्यों ने आज लोकतंत्र के महापर्व का साक्षी बनते हुए अपने मत का प्रयोग किया। एक साथ घर से निकलकर वोट डाला और एक नारा दिया 25 वोट 1 निशान।

कांग्रेस में फिर सीएम पद को लेकर तनातनी!

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में दूसरे और अंतिम चरण के तहत 70 सीटों पर मतदान हुआ। जिसके लिए सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। आम लोगों से लेकर बड़े नेताओं तक सभी मतदान करने के लिए पोलिंग बूथ पर पहुंचे। इसी बीच कांग्रेस में सीएम पद की दावेदारी को लेकर नई बहस छिड़ गई। दरअसल छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के परिवार ने टीएस बाबा को सीएम पद के लिए सबसे काबिल बताया। जिसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। इसी बीच उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने सीएम भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए सीएम बघेल और क्रिकेटर विराट कोहली के बीच एक दिलचस्प समानता बताई। टीएस बाबा ने भारत बनाम न्यूजीलैंड क्रिकेट सेमीफाइनल का जिक्र करते हुए कहा कि भूपेश बघेल हमारे कप्तान हैं, लेकिन पार्टी सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। याद रखें, विराट कोहली ने शतक बनाया, श्रेयस ने अच्छा

खेला, लेकिन मैन ऑफ द मैच मोहम्मद शमी को मिला था। राज्य के डिप्टी सीएम टीएस बाबा का बयान मुख्यमंत्री पद के लिए बघेल के साथ उनकी लंबे समय से चली आ रही खींचातानी के बीच आया है।

दरअसल विधाननसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में सीएम चेहरे की घोषणा नहीं की थी। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम ने मुख्यमंत्री चेहरे पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी ने कभी भी मेरा नाम आगे नहीं बढ़ाया था। हम एक साझा नेतृत्व के तहत लड़ रहे हैं और भूपेश बघेल इसका नेतृत्व कर रहे हैं। मैंने नहीं सुना कि मेरे नाम को मुख्यमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है। हां, मेरे संपर्क में रहे लोगों के दिमाग में यह बात थी।

कांग्रेस पर भरोसा बरकरार रखने के लिए मतदाताओं का आभार : भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दूसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस के प्रति भरोसा बरकरार रखने के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने जिस उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया है उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस सरकार के पांच साल के कामकाज पर स्वीकृति की मुहर लगाई है। श्री बघेल ने कहा है कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ फिर सरकार बनाएगी और फिर पहले की तरह ही मतदाताओं से किए अपने वादे निभाएगी। उन्होंने कहा है कि पिछले पांच साल सरकार ने जिस तरह किसान, मज़दूर, आदिवासी, युवाओं और महिलाओं सहित सभी वर्गों का खयाल रखा उसी की वजह से जनता का आशीर्वाद कांग्रेस को फिर से मिला

है। उन्होंने युवाओं के उत्साह की विशेष रूप से सराहना की है। उन्होंने प्रदेश के कारोबारी वर्ग को भी धन्यवाद देते हुए कहा है कि वे इसी तरह कांग्रेस का साथ निभाते रहे तो जल्द ही छत्तीसगढ़ कारोबार में भी देश में अपना विशिष्ठ स्थान बनाएगा।

हमारे संकल्पों की बुनियाद सिद्ध होने जा रही: विजय बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सांसद और प्रदेश चुनाव घोषणा पत्र के संयोजक विजय बघेल ने कहा कि स्वस्फूर्त मतदान केंद्रों तक बड़ी संख्या में पहुंचे मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व को गरिमामंडित किया है। मतदान के प्रति यह जागरुकता छत्तीसगढ़ को सँवारने के हमारे संकल्पों की बुनियाद सिद्ध होने जा रही है। परिवर्तन की लहर जो पूरे प्रदेश में महसूस की जा रही थी, वह मतदान केंद्रों में आंधी बन गई है। इस आंधी में कांग्रेस, भूपेश सरकार और खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का राजनीतिक तम्बू उखड़ने जा रहा है।

तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ फिर बन रही सरकार : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने एवं शांति पूर्ण मतदान के लिये प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भाजपा इस चुनाव को प्रभावित करने के लिये छत्तीसगढ़ की शांत फिज्ञा को खराब करने का षडयंत्र रचा था लेकिन असफल रहे। प्रदेश की जागरूक मतदाता भाजपा के बहकावे में नहीं आयी। छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार के काम एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भरोसा किया। पीसीसी चीफ ने कहा कि कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर पुनः सरकार बनाने जा रही है। प्रथम एवं दूसरे चरण के मतदान में किसान, माता, बहने, युवा, श्रमिक व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति मिला। विधानसभा का यह चुनाव मोदी के झूठ, जुमले और कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा। कांग्रेस की सरकार बनते ही जनता से किये सभी वादों पर काम शुरू होगा। मोदी की गारंटी एवं भाजपा के झूठे एवं मनगढ़त आरोप को जनता ने खारिज कर दिया है। कांग्रेस ने 2018 में अपने

घोषणा पत्र के अधिकांश वायदो को विगत 5 वर्षो के कार्यकाल में निभाया है, जनता का भरोसा 5 सालों में कांग्रेस के प्रति और बढ़ा है। यही कारण है कि जनता ने एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है।

कांग्रेस ने उत्साहपूर्वक मतदान करने के लिये मतदाताओं का आभार जताया है। कांग्रेस ने चुनाव प्रचार अपनी सरकार की योजनाओं और कांग्रेस सरकार के पिछले कामों को आधार बना कर किया है। भाजपा ने नकारात्मकता के आधार पर चुनाव प्रचार किया। केन्द्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने संवैधानिक संस्थानो एवं जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किया, षडयंत्र रचे, दुर्भावना पूर्वक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को बदनाम करने कुत्सीत प्रयास किया, जिसे छत्तीसगढ़ की जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मतदाताओं ने भरोसा जताया है। इसके विपरीत भाजपा के लोग ही भाजपा के घोषणा पत्र पर भरोसा करने को तैयार नहीं हुये। जिस तरह से प्रथम चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को नकारा था, उसी तरह दूसरे चरण के मतदान में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पक्ष में मतदान किया है। पिछली बार 2018 में दो तिहाई से बड़ी बहुमत मिली थी अबकी बार तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

मतदाताओं के उत्साह ने बता दिया भाजपा की सरकार लौट रही : अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने प्रदेश विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान में स्वस्फूर्त हिस्सा लेने के लिए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

भाजपा ने कहा है कि स्वस्फूर्त मतदान का प्रतिशत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश में परिवर्तन की प्रचण्ड लहर बह रही है और कांग्रेस के कुशासन और कुनीतियों से त्रस्त मतदाता कांग्रेस की भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के निश्चय के

साथ मतदान केंद्रों तक बड़ी संख्या में पहुंचे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी के साथ साथ अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार, छलावा से बेहद रुष्ट है और जनता ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश को अपने मताधिकार के जरिए व्यक्त किया है। अब यह आईने की तरह साफ हो गया है कि परिवर्तन की आंधी में कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार का छत्तीसगढ़ में सूपड़ा साफ होने जा रहा है। प्रदेश के हर वर्ग के साथ धोखाधड़ी करके पूरे छत्तीसगढ़ को निराशा के गर्त में धकेलने वाली भूपेश सरकार की गिनती पूरी हो चुकी है।

प्रदेश की जनता का श्राप, कांग्रेस सरकार साफ : रमन सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मतदान के प्रति जनता, खासकर महिलाओं और युवाओं के उत्साह को प्रदेश की भूपेश सरकार की बिदाई का फरमान बताया है।

डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेशभर में मतदान के द्वितीय चरण में जनता की बढ़ चढ़कर की गई भागीदारी भूपेश सरकार के प्रति जनाक्रोश की अभिव्यक्ति का प्रमाण पत्र है। अपने किए वादों को पूरा नहीं करके, पूर्ण शराबबंदी के वादे से मुकर कर, बेरोजगारी भत्ते के मुद्दे पर छलावा व नई भर्तियों को रोककर और अनियमित, संविदा व दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का नियमितीकरण नहीं करके भूपेश सरकार ने विश्वासघात किया है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता का श्राप, कांग्रेस और भूपेश सरकार साफ।

भाजपा को मिलेगा प्रचंड बहुमत बनेगी हमारी सरकार : सरोज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सासंद डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि मतदान के प्रति प्रदेश के मतदाताओं के उत्साह से भाजपा का यह विश्वास दृढ़तर हो गया

है कि पहले चरण की तरह दूसरे चरण का मतदान भी भाजपा के लिए अनुकूल परिणाम लेकर आएगा और छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है। डॉ. (सुश्री) पाण्डेय ने उत्साहपूर्वक मतदान के लिए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि मतदान में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी भाजपा की जीत की गारंटी है और भाजपा महिलाओं के सम्मान और सुरक्षित विकास के अवसर के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

भाजपा के प्रति बढ़े जन विश्वास का स्पष्ट प्रमाण : लता उसेंडी

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री लता उसेंडी ने भी द्वितीय चरण के मतदान में उत्साहपूर्वक भागीदारी के लिए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

सुश्री उसेंडी ने कहा कि पांच वर्षों के कांग्रेसी कुशासन का संचित जन-आक्रोश इस मतदान में व्यक्त हुआ है और यह भाजपा के प्रति बढ़े जन विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की बनने जा रही प्रचंड बहुमत की सरकार श्रद्धेय अटल

जी के स्वप्नों को धरातल पर साकार कर छत्तीसगढ़ को सँवारने के लिए संकल्पित है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदेश की जनता ने दे दिया जनादेश : ओपी चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रय केदार कश्यप, विजय शर्मा और ओ.पी. चौधरी ने भी दूसरे चरण के मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के मतदाताओं का आभार माना है। भाजपा महामंत्री त्रय ने अपने संयुक्त

बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने जिस अभूतपूर्व उत्साह से अपने बहुमूल्य मताधिकार का प्रयोग किया है, वह सरहानीय है। मतदाताओं के जोश को देखकर यह बात स्पष्ट हो गयी है कि जनता ने प्रदेश में कांग्रेस के कुशासन, लूट, माफियाराज, अराजकता, भय, भूख और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश दे दिया है। मतदाताओं ने परिवर्तन के पक्ष में मतदान किया है। जनता ने कांग्रेस के कुशासन को उखाड फेंकने के लिए जो ऐतिहासिक मतदान किया है, 3 दिसंबर को मतगणना में उसकी पुष्टि हो जायेगी और भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

भाजपा अपने संकल्प पत्र पर ईमानदारी के साथ अमल करेगी : नारायण चंदेल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मतदान के प्रति अभूतपूर्व उत्साह का प्रदर्शन करने पर प्रदेश की जनता का आभार माना और कहा कि विशेषकर प्रदेश की मातृ शक्ति का मतदान के प्रति यह उत्साह और उमंग भाजपा के संकल्पों और मोदी की गारंटी पर मुहर है।

श्री चंदेल ने कहा कि यह प्रदेश की मातृ शक्ति का भाजपा के प्रति विश्वासपूर्ण अनुग्रह का परिचायक है। प्रदेश में सरकार बनते ही भाजपा अपने संकल्प पत्र पर पूरी ईमानदारी के साथ अमल करेगी।

पोलिंग बूथ पर निकला अजगर मच गया हड़कंप

जांजगीर/नवप्रदेश। मतदान केंद्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पोलिंग बूथ पर एक विशाल अजगर पहुंच गया। करीब 10 फीट लंबे अजगर को देखकर मतदानकर्मियों के होश उड़ गये। मामला जांजगीर चांपा के पोलिंग बूथ नंबर 61 नगरदा का है।
आनन-फानन में वन विभाग को इसकी सूचना दी गयी, जिसके बाद वन टीम मौके पर पहुंची और अजगर को रेस्क्यू कर ले गयी। जानकारी के मुताबिक जहां मतदान पूर्व ईवीएम और अन्य सामान रखा हुआ था, वहीं कोने में अजगर भी बैठा था। सुबह के वक्त जब मतदानकर्मी और अन्य सामान लेने के लिए पहुंचे, तो विशाल अजगर को देखते ही होश उड़ गये। आनन-फानन में वन विभाग की टीम को इसकी जानकारी दी गयी, जिसके बाद अजगर को वन विभाग की टीम रेस्क्यू कर अपने साथ ले गयी।

न्यूज गैलरी

मतगणना में लगेंगे 270 अधिकारी-कर्मचारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव का परिणाम तीन दिसंबर को आएगा। इसे लेकर लोगों में उत्सुकता बढ़ने लगी है। 61 प्रत्याशियों के भाग्य का निर्णय होने वाला है। जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना कृषि उपज मंडी परिसर स्थित वेयर हाउस के गोदाम में ही कराई जाएगी। इसके लिए कुल 270 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। दो दिन बाद इनकी पहली ट्रेनिंग होगी, उसके चार दिन बाद अंतिम दौर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। हर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएंगे। वहां हर प्रत्याशी अपने एक.एक अभिकर्ता को बैठा सकेगा। मतगणना की प्रशासनिक तैयारी शुरू हो चुकी है। अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी तय की जा चुकी है। प्रशिक्षण के बाद अंतिम अभ्यास किया जाएगा। चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना साथ-साथ चलेगी। इस बार बड़ी संख्या में डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान हुआ है। ऐसे मतदाताओं की कुल संख्या सात हजार से अधिक है।

नगरी क्षेत्र पहुंचा हाथी दल

नगरी/नवप्रदेश। बिरगुडी परिक्षेत्र में 40 हाथी वर्तमान लोकेशन कक्ष क्रमांक 473,474 (ठेमली, गोरसानाला ,जुनवानी के बीच जंगल में) में विरचरण कर रहे हैं। जुनवानी बांसपानी परिक्षेत्र सहायक बिरगुडी परिक्षेत्र बिरगुड़ी में इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। ग्राम गोरसा नाला,बांसपानी, ठेमली , जुनवानी, कोगेरा,बिरगुड़ी, भड़सीवना में ग्रामीणों को रात में नहीं निकलने की सलाह दी गई है। रात को निगरानी रखने दल का गठन किया गया है। इसमें टी.एस .ध्रुव सतीश कश्यप गमरूराम कुरेटी कैलाश पटेल(व. चौ .सुरेश गंधर्व एवं अन्य श्रमिक गजराज वाहन से,नरहरपुर रेंज के स्टाफ शामिल हैं। हाथी दल बिरगुड़ी रेंज पार करके सीता नदी रेंज चले गए हैं। वर्तमान लोकेशन कक्ष क्र - 314 सीतानदी रेंज है, संबंधित परिक्षेत्र चले गए हैं।

कमार-भुंजिया लोग हुए जागरूक, किया मतदान

गरियाबंद/नवप्रदेश। कमार एवं भुंजिया जनजाति के लोग सदियों से जंगलों में निवास कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इस जनजाति का आर्थिक व सामाजिक विकास पहले से अब अच्छा हो रहा है। कमार और भुंजिया जनजाति सीधा सरल तरीके से जीवनयापन करते हैं। ये जनजाति तीर धनुष के साथ रहते हैं। यह जनजाति की विशेष पहचान है। आज इन जनजाति के मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का उत्साहपूर्वक प्रयोग किया। विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। उनके लिए जिला प्रशासन द्वारा आदर्श (विशेष पिछड़ी जनजाति) मतदान केन्द्र बनाया गया था। ग्राम मौहाभाठा निवासी रामभरोसा भुंजिया ने तीर धनुष के साथ मतदान करने पहुंचे थे। मतदान करने के उपरांत अपने बाएं हाथ की तर्जनी ऊंगली दिखाकर कहा कि उन्होंने चुनई तिहार में अपने मत का प्रयोग कर लिया है। आप भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। इसी तरह पारागांव आदर्श मतदान केन्द्र में छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजाति, भुंजिया जनजाति के रसोई घर लाल बंगला के थीम पर मतदान केन्द्र विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। जहां विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं सहित अन्य मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग बढ़ - चढ़कर किया और मतदान पश्चात वहां बनाएं गए सेल्फी जोन में तर्जनी उंगली दिखाते हुए फोटो खिंचवाए जो उनके आत्मविश्वास का प्रतीक है।

कलेक्टर छिकारा ने पत्नी के साथ किया मतदान

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. पायल ने आज गरियाबंद स्थित सिविल लाइन के मतदान केंद्र क्रमांक - 271, शासकीय प्राथमिक शाला किसानपारा के आदर्श संगवारी मतदान केंद्र में पहुंचकर कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम भूपेन्द्र साहू सहित अन्य अधिकारियों ने लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर मतदान किया। इस दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा और उनकी धर्मपत्नी एवं जिला पंचायत सीईओ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ सेल्फी पॉइंट में पहुँचकर सेल्फी भी लिया। कलेक्टर ने आदर्श संगवारी मतदान केन्द्र का अवलोकन कर वहां पर मतदाताओं के लिए की गई बैठक व्यवस्था में बांस से निर्मित कुर्सी टेबल, दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था, सहायता केन्द्र, शिशुवती माताओं के लिए फिडिंग जोन, बच्चों के मनोरंजन के लिए रखे गए खिलौने एवं मतदाताओं के लिए पेयजल व्यवस्थाओं सहित मतदान केन्द्र को छिंद के पत्तों से भी सजाया गया था, जिसका अवलोकन कर आदर्श संगवारी मतदान केन्द्र में किए गए व्यवस्थाओं की सराहना की।

प्रेक्षक ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के दोनों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने मतदान दिवस के दिन विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पोंड, पाण्डुका, सरकड़ा, गरियाबंद, संगवारी मतदान केन्द्र पारागांव, सढ़ौली एवं मालगांव के मतदान केंद्रों में पहुकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षक ने मतदाताओं से कहा कि निष्पक्ष, निर्भिक होकर मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाये। साथ ही जो मतदान के लिए पहुंच नहीं पाये है उन्हे मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस दौरान प्रेक्षक सुश्री चौधरी ने मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मतगणना के दिन ड्राई डे घोषित

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने वाणिज्य कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय अटल नगर रायपुर से जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 03 दिसंबर 2023 मतगणना के दिन जिले के सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकानों को बंद रखने शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि मतगणना स्थल के समीपस्थ जिले में संचालित सभी देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकान, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्यभंडारण भाण्डागार तथा एफ.एल.4 (क) मून सिटी व्यवसायिक क्लब बार 03 दिसंबर 2023 मतगणना के दिन संपूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखे जाने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है।

डेंगू से भयभीत निगम का स्वास्थ्य अमला अब सक्रिय

■ मच्छर मारने के लिए फागिंग मशीन शुरु

कवर्धा/नवप्रदेश। नवीन बाजार वार्ड न 26 कवर्धा में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर घर-घर भ्रमण कर स्वास्थ्य जानकारी ले रहा है। लोगों को डेंगू से बचाव की जानकारी दी जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूर्जाय मुखर्जी एवं डीपीएम सृष्टि शर्मा ने क्षेत्र का दौरा कर जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए है। नगर पालिका के द्वारा साफ सफाई और फागिंग मशीन से मच्छर विरोधी धुआं से क्षेत्र को मच्छर से बचाव का प्रयास कर रहें हैं। आज दो लोगों का एलिजा टेस्ट के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। आज एक भी संभावित मरीज नहीं मिले। छह लोगों का रेपिड टेस्ट किया गया। इसमें सभी का रिपोर्ट निगेटिव है। डेंगू के संभावित मरीज को मच्छरदानी में ही रहने की सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर में डॉ आशुतोष अभिषेक, एन आर साहू , जयंत कुमार सलाहकार, राजेश सोनी सुपरवाइजर, राजेन्द्र साहू एलटी, सूरूचि, अनिल मेरावी, मुकेश चंद्रवंशी, विमल जोशी,सत्यभामा साहू सेवाएं दे रहे हैं।

डॉ. सूर्जाय मुखर्जी ने डेंगू के बचाव के लिए सजग रहने और लक्षण पाये जाने पर स्वास्थ्य टीम को तत्काल जानकारी देने की अपील की है। अक्सर डेंगू के लक्षण सामान्य फ्लू या वायरल बुखार से मिलते जुलते लगते है। इसलिए निम्न लक्षणों के आधार पर इनकी पहचान कर ली जानी चाहिए और सही पहचान के लिए तुरंत एक ब्लड टेस्ट करवा लेना चाहिए। उन्होंने डेंगू के लक्षणों की जानकारी दे कर बचाव के उपाय बताए।

अपने रहने की जगह को साफ रखने से आप मच्छरों को सरलता से दूर रख सकते हैं। पानी को किसी जगह इकट्ठा न होने दें। किसी जगह पर रुके हुए पानी में मच्छर पनप सकते हैं और इसी से डेंगू भी फैल सकता है। गमलों के पानी को हर हफ्ते बदलते रहें। मेन्होल सैप्टिक टैंक रुकी हुई नालियों और कुएं आदि जगहों को नियमित रूप से चेक करते रहें।मच्छर मारने वाली मशीन और जाली का उपयोग करना चाहिए। जब भी आप घर से बाहर जाएँ मच्छर से बचाव वाली क्रीम का उपयोग करें और सोते वक्त मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।

वोटरों ने की मतदान केन्द्र की तारीफ

बालोद/नवप्रदेश। जिले के मतदान केंद्रों में मतदान तिथि आज 17 नवंबर के लिए की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं की सराहना मतदान कर्मियों के अलावा मतदाताओं ने भी की है। मतदान कराने हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे मतदान दलों के सदस्यों ने मतदान केंद्रों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं पर संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन ने इस विधानसभा निर्वाचन में मतदान केन्द्रों में मतदान दलों तथा सुगमतापूर्वक मतदान कराने हेतु साफ सफाई, बिजली, पेयजल, फर्नीचर, मतदान दलों के सोने तथा भोजन आदि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। जिला मुख्यालय बालोद के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालोद के मतदान केंद्र क्रमांक 38 के पीठासीन अधिकारी श्री लोमन कुमार ने मतदान केंद्र में की गई व्यवस्थाओं की भूरी-भूरी सराहना की है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की है वह बहुत ही प्रशंसनीय है। इसके अलावा मतदान केंद्र में मतदान करने पहुँचे आमापारा बालोद निवासी श्री हितेश अग्रवाल एवं प्रकाश देशमुख ने भी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालोद के आदर्श मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से सराहना की है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मतदान केंद्र में आकर्षक साज-सज्जा के अलावा मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी जरूरी सुविधाओं के अलावा मतदान करने पहुँचे शिशुवती माताओं के नन्हें-मुन्हें बच्चों के देखभाल एवं मनोरंजन हेतु अस्थाई आंगनाबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई है।

कलेक्टर एसपी ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण

■ मतदाताओं से बातचीत कर देखे व्यवस्था

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा और पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने आज मतदान तिथि 17 नवंबर को जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संगवारी एवं आदर्श मतदान केंद्रों के साथ-साथ जिले के मतदान केंद्रों में किए गए बेहतरीन व्यवस्था की सराहना भी की। कलेक्टर श्री शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान मतदान कर्मी एवं मतदाताओं से बातचीत कर मतदान केंद्रों के व्यवस्थाओं का पड़ताल भी किया। इस दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने आदर्श संगवारी मतदान केंद्र क्रमांक 79 झलमला में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

आदर्श संगवारी मतदान केंद्र की सराहना

मतदान केंद्र क्रमांक 163 ग्राम सांकरी एवं मतदान केंद्र क्रमांक 168 आदर्श संगवारी मतदान केंद्र सिकोसा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आदर्श संगवारी मतदान केंद्र सिकोसा में छत्तीसगढ़ी एवं ग्रामीण संस्कृति पर आधारित किए गए बेहतरीन साज-सज्जा की सराहना की। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने मतदान केंद्रों में पहुँचे बुजुर्ग मतदाताओं से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। श्री शर्मा ने मतदान केंद्र क्रमांक 77 आदर्श मतदान केंद्र शासकीय कन्या शाला डौण्डीलोहारा में मतदान करने पहुँची 81 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता जमुना बाई से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। श्री शर्मा ने कहा कि श्रीमती जमुना बाई का उम्र के इस पड़ाव में भी मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान करना वास्तव में काबिले-तारीफ है। उन्होंने श्रीमती जमुना बाई एवं मतदाताओं से बातचीत कर देश के लोकतंत्र के प्रति अटूट आस्था को सभी मतदाताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया।

कलेक्टर-एसपी ने मतदान कर ली सेल्फी

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार अपने पत्नी अंकिता सुमन के साथ शुक्रवार सुबह जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। जायजा लिया। वोट देने के पश्चात बनाएं गए आकर्षक सेल्फी जोन में आकर अपने फोटो लिए.कलेक्टर को अपने बीच देखकर मतदान करने आएं फर्स्ट टाइम वोटर ने भी सेल्फी लिए। एसपी ने भी सहज लाइन में लगकर किया मतदान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने भी सुबह जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल में ही पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने भी सभी जिला वासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की बात की है। उन्होंने कहा कि मत देने हमारा अधिकार ही नही बल्कि हमारा कर्तव्य है। आप सभी बिना किसी भय लालच निर्भीक निष्पक्ष होकर अपने मतों का प्रयोग करें।

इस दौरान उन्होंने समस्त जिले वासियों से लोकतंत्र के इस उत्सव में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। सभी लोग घरों से निकल मतदान करने अवश्य पहुंचे,हमने सभी मतदान केंद्रों अच्छी से अच्छी व्यवस्था करने की पूरी कोशिश किए है। जिससे आम मतदाताओ को किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ ना हो। इस मौके पर कलेक्टर ने सहज सरल लाइन में लगकर अपने बारी का इंतजार किया। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों से मुलाकात कर व्यस्थाओ के बारे भी

कलेक्टर ने सढ़ौली और पारागांव मतदान केन्द्र का लिया जायजा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने मतदान करने के उपरांत जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम पारागांव स्थित संगवारी मतदान केन्द्र क्रमांक - 11 एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम सढ़ौली स्थित आदर्श संगवारी मतदान केन्द्र का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र पारागांव में मताधिकार का प्रयोग करने व्हील चेयर में आयी दिव्यांग सुश्री अनुराधा गुप्ता को पुष्पहार भेंट कर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान अनुराधा ने बताया कि वे सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करते है। इसी तरह गर्भवती माता श्रीमती शशिका ध्रुव, युवा मतदाता शिवांगी, हेमलता ने बताया कि वे पहली बार वोट डालने आ रहे है। वे अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्साहित है। इस दौरान कलेक्टर श्री छिकारा ने मतदान के लिए आये मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा छूटे हुए मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सुरक्षा बल के जवानों, अधिकारी - कर्मचारियों को पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सभी मतदाताओं में जागरूकता के साथ मतदान करने के लिए शुभकामनाएं दी।

बांसशिल्प से सजा आदर्श मतदान केंद्र

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला जहाँ एक ओर अपनी बाँस की कलात्मक, सजावटी व उपयोगी कलाकृतियों के लिए काफी प्रसिद्ध है। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय का यह पारंपरिक कार्य भी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देश पर चुनई हमर तिहार 2023 में आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाना था। जिसे जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में बाँसशिल्प के अनोखे व नवाचारी अंदाज में निर्मित कराया गया। यहाँ पर चाहे मतदान केंद्र का स्वागत द्वार की सजावट हो, मतदान सेल्फी जोन की सजावट हो या पूरे परिसर को बांस की कमार समुदाय द्वारा बनाएं गए आकर्षक कलाकृतियों से सजाया गया। इस मतदान केंद्र की सम्पूर्ण बैठक व्यवस्था में बाँस से निर्मित कुर्सी, टेबल, मेज, चटाई इत्यादि का उपयोग किया गया। यहाँ पर बाँस निर्मित प्रकाशयुक्त लैम्पों का उपयोग किया गया। इसे गरियाबंद की विकसित बाँस शिल्प से यहाँ के मतदाता पहचान पाए वही इस मतदान केंद्र के मतदाताओं में विशेष उत्साह व आकर्षण का केंद्र बना रहा। जिले के यूट्यूबर, सोशल मीडिया एन्फ्लु फॉर्म में वीडियो एवं फोटोग्राफी कर लोगों ने रील बना कर वायरल कर रहे है।

हर आयु के मतदाताओं में दिखा उत्साह

■ कसडोल में 67.19, बलौदाबाजार 72 और भाटापारा में 74.27 प्रतिशत मतदान

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। शुक्रवार 17 नवम्बर को जिले के हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाने उत्साह दिखाया। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की कतार लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह क्रम मतदान समाप्ति तक चलता रहा। प्राप्त अनंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक जिले का मतदान प्रतिशत 70.70 रहा। शाम 5 बजे के बाद भी जो मतदाता मतदान केंद्र परिसर के अंदर पहुंच गए वे कतार में मतदान के लिए खड़े थे। अंतिम आंकड़े के अनुसार कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 67.19 प्रतिशत, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 72 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 74.27 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में तथा पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था का लगातार निरीक्षण करते रहे। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 73.31 फीसदी वोटिंग

भटगांव/नवप्रदेश। नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को स्थापना के एक वर्ष के दौरान ही विधानसभा निर्वाचन 2023 को संपन्न कराने का अवसर प्राप्त हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में और सामान्य प्रेक्षक तापस राय, पवन कुमार, पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा और व्यय प्रेक्षक रवेश कुमार सिंह के जिले में उपस्थिति, सहयोग और मार्गदर्शन में मतदान कार्य संपन्न हुआ। 17 नवंबर को शाम 5 बजे की स्थिति में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 73.31 प्रतिशत, सारंगढ़ विधानसभा-17 में 78.04 प्रतिशत और बिलाईगढ़ विधानसभा-43 में 69.18 प्रतिशत मतदान हुआ। भटगांव पत्रकार संघ ने शांतिपूर्ण ढंग से मतदान के लिए कलेक्टर और निर्वाचन कार्य में लगे समस्त विभाग के कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।

कवर्धा में पारा गिरा, 15 डिग्री न्यूनतम तापमान पहुंचा

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश में उत्तर से आ रही हवाओं के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान में भी गिरावट रही। यहां अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में गुरुवार को न्यूनतम तापमान रात के समय 15 डिग्री तक जा पहुंचा। ये इस ठंड के मौसम में अब तक का सबसे कम था। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी रहेगा। ग्रामीण व आउटर क्षेत्रों के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी ठंड का असर दिखने लगा है। जिले में अब मौसम में परिवर्तन होने लगा है। अब जल्दी अंधेरा हो रहा है। दिन छोटा और रातें बड़ी होने लगी है। इसका असर वातावरण में महसूस होने लगा है। जिले में ठंड को दस्तक दे दी है। सैलानी अब चिल्फीघाटी पहुंचने लगे हैं। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ती है तो सैलानियों की संख्या भी बढ़ेगी।

गर्म कपड़ों की बढ़ी डिमांड

ठंड बढ़ते ही अब गर्म कपड़ा बाजार में भीड़ भी बढ़ने लगी है।

कवर्धा शहर के राजनांदगांव रोड के आसपास सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगे गर्म कपड़ें के स्टालों में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी। अब दिन जल्दी ढलने लगे हैं। रातें बढ़ने लगी है। सर्दियों में पृथ्वी सूर्य से दूर रहती है।

ठंड से रबी फसल को फायदा

सर्दी का मौसम गेहूं, मटर, चना, मसूर, मूंग सहित फसलों के लिए लाभदायक है। इस समय यह मौसम फसलों के अनुकूल है। हल्की बारिश से फसलों को कोई नुकसान नहीं है। इस समय का तापमान फसलों की पैदावार बढ़ने के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है। कबीरधाम जिले में धान के बाद किसान अब गेहूं, मटर, चना, मसूर, मूंग की फसल लेने वाले है। इसके अलावा गन्ना की फसल की तैयारी है। हालांकि आने वाले दिनों में बारिश से परेशानी हो सकती है। क्योंकि हर साल नवंबर-दिसंबर माह में बारिश होता है। वर्तमान में बारिश नहीं होने को लेकर कोई भी सिस्टम नहीं बन रहा है, जो कि किसानो के लिए बड़ी राहत है।

पिकनिक स्पॉट में बढ़ी रौनक

इस साल पर्याप्त बारिश के कारण नदी-नालों का जल स्तर अच्छा है। वनांचल के ग्राम बिजौर टोला में धमना नदी पर जलप्रपात देखने को मिल रही है। यह हाफ नदी की सहायक है। ठंड बढ़ने के साथ अब जिले के पिकनिक स्पॉट में पर्यटकों की भीड़ पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा जिले के अन्य पर्यटन वाले क्षेत्रों में सैलानी आ रहे है।

दूसरे चरण के मतदान का अलग-अलग दिखा रंग, तस्वीरों में ऐसे हुआ बयां...

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और उनकी धर्मपत्नी सुप्रभा हरिचंदन ने आज सिहावा भवन सिविल लाईन्स स्थित आदर्श मतदान केंद्र पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने देवेंद्रनगर के मतदान केंद्र पहुँच कर सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। श्री जैन के साथ उनकी धर्मपत्नी ऋतु जैन एवं सुपुत्री अदिति जैन ने भी वोट डाला।

जनसंपर्क एवं परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा ने धर्मपत्नी रचना काबरा ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने देवेंद्र नगर मतदान केंद्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी वोटर्स से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

जनसंपर्क सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने धर्मपत्नी गार्गी परदेशी ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

अंबिकापुर के गर्ल्स ग्रेजुएट कॉलेज में बने मतदान केंद्र में डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने परिवार सहित वोटिंग की। सिंहदेव ने कहा कि, दूसरे चरण में 50 सीटों पर कांग्रेस जीतेगी।

रायगढ़ विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी ने अपनी धर्मपत्नी अदिति के साथ केलो विहार पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण में अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के इस पावन उत्सव को सफल बनायें तथा सशक्त एवं समृद्ध रायगढ़ निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

खरसिया से कांग्रेस प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री उमेश पटेल ने धर्मपत्नी सुधा पटेल, अपनी मां और भाभी के साथ ग्राम नंदेली में मतदान किया।

बालोद जिले के गुंडरदेही विधानसभा के ग्राम कोसागोंदी में आज एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों ने एक साथ किया मतदान।

बीजेपी प्रत्याशी अरुण साव, कांग्रेस के थानेश्वर साहू और जेसीसी जे के सागर सिंह ने एक साथ फोटो खिंचवाई। सुबह लोरमी में बीजेपी और जोगी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई थी।

गरियाबंद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने परिवार सहित लाइन लगाकर मतदान किया।

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी एनके दुग्गा ने परिवार सहित मतदान केंद्र में लाइन लगा कर किया मतदान। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने भी किया मतदान

बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी संतोष सिंह सहित जिले के आला अधिकारियों ने वोटिंग के बाद मतदान केंद्र में सेल्फी प्वाइंट में फोटो खिंचाई। सभी को मतदान करने दिया संदेश।

गौरेला में जेसीसीजे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी अपनी मां और विधायक रेणु जोगी के साथ मतदान के लिए पहुंचे।

जिला धमतरी के मतदान केंद्र शासकीय हाई स्कूल भवन रुद्री मतदान केंद्र में कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी द्वारा सपरिवार कतार में खड़े हो कर मतदान किया।